RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 अशनूर ने फिल्म शूटिंग...

वर्ष : 26 | अंक : 358 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 19 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# मुठभेड़ में 5 आतंकी ढेर दो सुरक्षाबल हुए घायल

**श्रीनगर( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आज तड़के सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना के जवानों ने मुठभेड़ में पांच आतंकियों को मार गिराया। सेना के अधिकारियों ने पुष्टि करते हुए कहा कि पांच आतंकी ढेर हो गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबल ने संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बुधवार रात जिले के बेहीबाग इलाके के कद्दर में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। कुछ देर बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। आतंकवादियों ने सुरक्षाबल



पर गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद सेना के जवानों ने जवाबी कार्रवाई की।

जवानों ने पांच आतंकियों को मार गिराया। वहीं, इस अभियान में सुरक्षाबल के दो जवान घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि पांच आतंकवादियों के शव बगीचों में पड़े हैं, लेकिन अभी तक उन्हें बरामद नहीं किया जा सका है।

भारतीय सेना की चिनार कोर ने अपने आधिकारिक एक्स पर कहा कि आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू किया।जवानों की गतिविधि के बाद आतंकवादियों ने अंधाधुंध और भारी मात्रा में गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। मारे गए आतंकियों में यासिर जावेद, आदिल हजाम, मुश्ताक इट्ठू, इरफान लोन, आसिफ शेख की पहचान हुई है।

## संसद में गिरकर भाजपा सांसद प्रताप सारंगी घायल

### राहुल गांधी पर लगाया धक्का देने का आरोप

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बीजेपी सांसद प्रताप सारंगी का आरोप है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उन्हें संसद में धक्का दिया, जिसके कारण वे गिरकर चोटिल हो गए।



प्रताप सारंगी ने बताया कि वे सीढ़ियों पर खड़े थे। जब राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जिससे वह सांसद उनके ऊपर गिर गए और वे खुद गिर पड़े, जिससे उन्हें चोट आई। राहुल गांधी ने प्रताप सारंगी के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि सब कुछ कैमरे में कैद है। उन्होंने बताया कि वे संसद में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन बीजेपी सांसदों ने उन्हें धकेलने और धमकाने का प्रयास किया। राहुल ने यह भी कहा कि बीजेपी के सांसद उन्हें संसद में प्रवेश करने से रोक नहीं सकते और धक्का-मुक्की से उन्हें कुछ नहीं होता। इस बीच कांग्रेस ने गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें उनका इस्तीफा और माफी की मांग की गई। कांग्रेस का आरोप है कि अमित शाह ने बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किया और वे इसे अक्षम्य मानते हैं। कांग्रेस सांसदों ने नीले कपड़े पहनकर आंबेडकर की प्रतिमा से मकर द्वार तक मार्च किया।

## सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज



**संभल ( एजेंसी )।** संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क की मुश्किले खत्म होती नजर नही आ रही है। हिंसा के मामले में वे रिपोर्ट रद्द करने पहुंचे तो अब उनके खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। बिजली विभाग की टीम आज दिन निकलते ही बर्क के घर मीटर रीडिंग करने पहुंची थी। टीम ने मीटर से लेकर एसी और पंखे तक की जांच की। इस दौरान भारी फोर्स की तैनाती की गई थी। बिजली विभाग के अधिकारी ने बताया कि सासंद बर्क के घर में लगे स्मार्ट मीटर में 5 किलोवाट से अधिक का लोड पाया गया। इस पूरे मामले में राज्य बिजली विभाग के सीनियर इंजीनियर डीके गुप्ता ने बताया कि पांच लोगों (दो जेई दो एसडीओ और एक स्टाफ) की टीम सुबह सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर गई थी। उनके परिवार के सदस्य चेकिंग नहीं करने दे रहे थे, लेकिन फिर जेई ने ताला खोल दिया। उन्होंने जेई को भी धमकाने की कोशिश की। इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। कुल 16.5 किलोवाट लोड दर्ज किया गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## घर में घुसकर माँ-बेटी पर कातिलाना हमला

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर क्षेत्र के बनी इसराइल मंगरौली मोहल्ले में एक व्यक्ति ने घर में घुसकर मां-बेटी को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहल्ला बनी इसराइल मंगरौली रोड निवासी देवदत्त शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 16 दिसंबर की शाम को एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर में जबरन घुस आया। उसकी पत्नी नीरज और पुत्री ने जब युवक से पूछताछ की तो उसने मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर अज्ञात युवक ने उनकी पत्नी हेमलता पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद हमलावर युवक मौके से फरार हो गया। जानकारी मिलने पर वह अपने घर पहुंचे और पत्नी व पुत्री को उपचार के लिए जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

### मारपीट कर कलाई व अंगुली तोड़ी

वहीं थाना बीटा-2 में दर्ज कराई रिपोर्ट में मित्रा सोसायटी निवासी रवि कुमार ने बताया कि वह 26 नवंबर की रात्रि को सोसायटी के बाहर टहल रहा था। इस दौरान अभिषेक पंकज रिशांत उर्फ पम्मी कृष सेंट्रो कर से आए इन लोगों ने आते ही गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर चारों आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी मारपीट से उन्हें गंभीर चोटे आई और बाएं हाथ की उंगली व कलाई टूट गई। अधमरा करने के बाद आरोपी अपनी कार में बैठकर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## डॉ. अंबेडकर के सम्मान में भाजपा दृढ संकल्पित : डॉ. महेश शर्मा

### भाजपा सांसदों ने कांग्रेस के झूठे आरोपों का किया विरोध प्रदर्शन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान और सम्मान को नकारने के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस के झूठे आरोपों का प्रतिवाद किया। भाजपा सांसदों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने न केवल अंबेडकर का अपमान किया, बल्कि उन्होनें चुनाव में हराने के लिए भी अपनी पूरी ताकत झोंकी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में बाबा साहब अंबेडकर की विरासत को सही मायनों में सम्मान मिला है और एससी/एसटी समुदायों के सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।



जबकि 1955 में नेहरू जी ने खुद को भारत रत्न दे दिया। 1971 में इंदिरा जी ने खुद को भारत रत्न दे दिया लेकिन बाबा साहेब को भारत रत्न 1990 में भाजपा सरकार में मिला जो भी तब मिला जब कांग्रेस सत्ता में नहीं थी।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में अपने भाषण में कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया और उनकी नीतियों को नकारा। इस मौके पर सांसद गौतमबुद्धनगर डा. महेश शर्मा, डा. दिनेश शर्मा, तेजस्वी सूर्या समेत भाजपा के कई सांसद भी उपस्थित रहें। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नकली पाइप बनाने वाली फैक्टरी का पर्दाफाश

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में सुप्रीम पाइप, आशीर्वाद पाइप व एस्टल पाइप्स के नाम से नकली पाइप बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई है। पुलिस ने छापेमारी कर यहां से लाखों रुपए मूल्य के 87 बंडल पाइप, पाइप बनाने की डाई व अन्य सामान बरामद किया है। कंपनी मालिक के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट में अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पंजाब के रहने वाले मनीष जिंदल ने थाना सूरजपुर पुलिस को सूचना दी कि वह इन विकट्स आईपीआर में बतौर इन्वेस्टिगेशन फील्ड मैनेजर के पद पर कार्यरत है। सुप्रीम पाइप्स आर्शीवाद पाइप्स एस्ट्रल पाइप्स कंपनी द्वारा उनकी कंपनी को नकली उत्पादों की जांच के लिए अधिकृत किया गया है। मनीष जिंदल ने पुलिस को बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि औद्योगिक क्षेत्र साइड भी में स्थित एक कंपनी में सुप्रीम पाइप आर्शीवाद पाइप्स एस्ट्रल पाइप्स के नाम से नकली सीपीवीसी पाइप बनाकर बाजार में बेचने व सप्लाई का कार्य किया जा रहा है।

मनीष जिंदल की सूचना के आधार पर थाना सूरजपुर पुलिस बताए गए स्थान पर पहुंची यहां पुलिस को नांगलोई दिल्ली निवासी अनिल मौर्य मिले जिन्होंने खुद को श्री श्याम इंडस्ट्रीज कंपनी का मालिक बताया। पुलिस ने जब शक्ति परिसर में खोजबीन की तो वहां सुप्रीम एस्ट्रल पाइप के सीवीसी के नकली पाइप बरामद हुए कंपनी से सुप्रीम पाइप सीपीवी से के 25 बंडल 1 इंच पूर्ण इंच के 15 बंडल तथा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सदरपुर से एक 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सदरपुर गांव में किराए पर रहने वाले महेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी (17 वर्षीय) बेटी 15 दिसंबर को घर से बाहर गई थी इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। बेटी के लापता होने पर उन्होंने उसके काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की तलाश की जा रही है।

## दो स्थानों पर लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थानों पर चोरों ने चोरी की दो घटनाओं को अंजाम देकर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



ग्राम गुलावटी खुर्द निवासी निक्की पुत्र शिवेंद्र सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 17-18 दिसंबर की रात्रि को चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर की अलमारी से सोने की दो अंगूठी, अन्य जेवरात, कपड़े व कीमती दस्तावेज चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि चोरों ने गांव के ही भूपेंद्र पुत्र भोला उर्फ खुशी पाल के घर भी चोरी करने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। थाना जारसा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

वहीं थाना फेस-3 में ग्राम मामूरा निवासी गौरव चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 16 दिसंबर को वह अपने ग्राउंड फ्लोर पर थे। 2:00 बजे के आसपास फर्स्ट फ्लोर पर अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर ने अलमारी में रखे सोने का मंगलसूत्र, 6 अंगूठी, गले का सेट 3 लाख की लॉन्ग चार जोड़ी चांदी की पायल, बिछुआ व 9500 चोरी कर लिए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नशे में धुत होकर छात्र पर हमला, 4 नामजद

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दुकान पर बैठकर समोसा खा रहे छात्र के साथ शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। छात्र के पिता ने थाना जारचा में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।




ग्राम रसूलपुर डासना निवासी संजय राणा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा तपन राणा अपने कॉलेज से सनी शर्मा के साथ घर वापस आ रहा था। रास्ते में ऊंचा अमीरपुर मोड पर स्थित पप्पू हलवाई की दुकान पर दोनों छात्र समोसा खाने के लिए रुक गए। संजय राणा के मुताबिक उनका बेटा तपन राणा और सनी शर्मा दुकान पर समोसे खा रहे थे। इस दौरान सागर, आर्यन, रवि, हर्ष शराब के नशे में दुकान पर पहुंचे और उनके बेटे के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी उनके बेटे ने जब गाली गलौज देने का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर सर फोड़ दिया। मौके पर मौजूद पप्पू हलवाई ने दुकान से बाहर आकर बीच बचाव (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नोएडा प्राधिकरण का विन्टर कार्निवल आयोजन 21-22 को सेक्टर-18 में

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा 21 और 22 दिसंबर 2024 को नोएडा कनेक्ट के नाम से एक विन्टर कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन नोएडा क्षेत्र के उद्यमियों और स्थानीय उद्योगों में तैयार होने वाले उत्पादों को एक मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा। इसके साथ ही, स्थानीय लोगों को इन उत्पादों से परिचित कराने का भी लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवारों को सप्ताहांत में एक संपूर्ण और मनोरंजक अनुभव प्रदान करना है।

'नोएडा कनेक्ट' का प्रथम संस्करण डीएलएफ माल के पास, सेक्टर-18, नोएडा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लगभग 60 से 70 स्थानीय वेंडर हिस्सा लेंगे, जिनमें



हर आयु वर्ग के लिए विकल्प उपलब्ध होंगे। यहां मेहंदी आर्ट, वर्ली आर्ट, टैटू आर्ट, मधुबनी आर्ट, गोंड आर्ट, लिप्पन आर्ट, और मिट्टी से बनी कलाकृतियों सहित कई कलात्मक विधाओं की प्रदर्शनी होगी। इसके साथ ही, रेडीमेड गारमेंट्स, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, बैग्स, मोबाइल एक्सेसरीज, खिलौने और हस्तशिल्प जैसी खरीदारी के लिए विभिन्न स्टॉल्स लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में बच्चों के लिए एक खास किडस जोन भी स्थापित किया जाएगा, जहां वे कले क्राफ्ट, ड्राइंग जैसी गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। साथ ही, उनके मनोरंजन के लिए अनुकूल व्यवस्था की गई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्रिंट रेट से अधिक वसूलने पर शराब ठेके के दो सेल्समैनों पर मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य वसूलने के आरोप में आबकारी विभाग ने शराब के ठेके के दो सेल्समैनों के खिलाफ फेस-3 में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी सेल्समैन ने आबकारी विभाग की टीम द्वारा गोपनीय तरीके से भेजे गए लोगों से देसी शराब में बियर पर निर्धारित मूल्य से 10 अधिक वसूल किए थे।

सर्किल-4 के आबकारी निरीक्षक अभिनव शाही ने थाना फेज-3 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने रूप से ग्राम बसई में स्थित बियर की दुकान पर बियर खरीदने के लिए शिवकुमार को भेजा। बियर ठेके के सेल्समैन ने उनसे प्रीति बियर 5 अधिक ले लिए। बियर कैन पर निर्धारित मूल्य से 5 रूपये अधिक लेने के बारे में पूछने पर सेल्समैन ने बताया कि उसने अपने निजी फायदे के लिए ज्यादा पैसे लिए हैं।

आबकारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी को थाना फेस-3 पुलिस के सुपुर्द कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मामूरा गांव की देसी की शराब की दुकान पर भी इसी तरह से गोपनीय रूप से खरीदारी कराई गई।उन्होंने मामूरा मार्केट स्थित देसी शराब की दुकान पर अमित को शराब खरीदारी के लिए भेजा। शराब ठेके के सेल्समैन द्वारा प्रति टेट्रा पैक 5 रुपए अधिक वसूले गए। ठेके के सेल्समैन के खिलाफ फेस-3 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे वसूलने वाले सेल्समैनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

## सड़कों पर सो रहे बेसहारों को रैन बसेरा में शिफ्ट कराया

### लगातार अलाव, रैन बसेरा का निरीक्षण कर रहे हैं प्रशासन के अधिकारी





**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप शीत लहरी एवं ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से सुरक्षित रखने के लिए डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में एवं नगर मजिस्ट्रेट नोएडा के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरों का संचालन, अलाव तथा अन्य राहत कार्य कराये जा रहे हैं।

नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व विभाग (शेष पृष्ठ-3 पर)

## बाइक सवार झपटमारों ने दो युवकों से मोबाइल छीना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बाइक सवार बदमाश अलग-अलग स्थान पर दो युवकों से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए ।पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना सेक्टर-24 में दर्ज कराई रिपोर्ट में घडोली कुंडली निवासी कौशल सोनकर ने बताया कि वह 7 दिसंबर की शाम को मेट्रो हॉस्पिटल सेक्टर-11 जा रहा था। इस दौरान अपाचे बाइक पर आए एक युवक ने पीछे से आकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गया। वहीं थाना बीटा-2 में जनपद जालौन निवासी अंकुश सिंह ने मोबाइल छीने जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंकुश सिंह ने बताया कि वह वर्तमान में शिव शक्ति अपार्टमेंट में रह रहा है। 30 अक्टूबर की सुबह में जोमैटो का ऑर्डर देकर अपने घर जाने के लिए लौट रहा था मेट्रो डिपो गोल चक्कर से निकलते ही सामने से आ रहे तीन बाइक सवार लड़कों ने उसे रोका और उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## बंद हो हर्ष फायरिंग

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि विवाह आदि खुशी के मौके पर जानलेवा फायरिंग से मातम का माहौल बनने की तमाम घटनाओं के बावजूद इस बुराई पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। विगत में ऐसी अनेक घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई और परिवारों के लिये जीवनभर का दुख छोड़ गए। इस बाबत कई बार अदालतों ने सख्त टिप्पणियां की और सामाजिक स्तर पर भी आवाजें उठी। लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात ही रहे। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा में ऐसी ही तीन दर्दनाक घटनाएं इस आत्मघाती लापरवाही से सामने आईं। जो इस घातक प्रथा के गंभीर परिणामों को ही उजागर करती हैं। ऐसी ही एक घटना में हरियाणा के चरखी दादरी इलाके में एक बारात के दौरान तेरह साल की एक किशोरी की दर्दनाक मौत हर्ष फायरिंग में हो गई। साथ ही उसकी मां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। ऐसे ही एक अन्य वाकये में फिरोजपुर में, एक दुल्हन तब गंभीर रूप से घायल हो गई, जब उसके भाई ने विदाई समारोह के दौरान लापरवाही से पिस्तौल चला दी। वहीं दूसरी ओर अमृतसर में ऐसी ही एक घटना सामने आई जब एक रिसॉर्ट में आयोजित विवाह समारोह में एक महिला हर्ष फायरिंग से घायल हो गई। निश्चित रूप से संवेदनहीनता से उपजी त्रासदियों को रोकने के लिये तत्काल कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है। यकीनी तौर पर इस कुप्रथा को रोकने के लिये जो गंभीर पहल समाज की ओर से होनी चाहिए, वह होती नजर नहीं आ रही है। इन हालात में एक आशा की किरण तब जगी जब सर्वजातीय अठगामा खाप ने जश्न के दौरान होने वाली हर्ष फायरिंग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय सामाजिक स्तर पर लिया। निश्चित रूप से खाप पंचायत का यह निर्णय स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। उसने चरखी दादरी की दुर्घटना में किशोरी की मौत के बाद यह प्रतिबंध लगाया है। निस्संदेह, खाप पंचायत की ओर से इस बुराई को दूर करने की यह कोशिश उसके सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को ही उजागर करती है। खाप ने फैसला लिया है कि ऐसी दुर्घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवायी जाएगी। उस व्यक्ति या परिवार पर जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसी घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार भी होगा। वक्त की नजाकत को समझते हुए लिया गया खाप का यह फैसला इस खतरनाक परिपाटी के खिलाफ शून्य सहिष्णुता को ही दर्शाता है। इस जानलेवा फायरिंग के खतरों को महसूस करते हुए जागरूकता अभियान चलाने का फैसला भी खाप की ओर से लिया गया, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठोस पहल की जा सके। निस्संदेह, समाज में इस घातक दिखावे की सोच बदलने हेतु खाप की रचनात्मक पहल से शादियों व अन्य खुशी के अवसरों पर बंदूकों के दुरुपयोग की प्रवृत्ति को खत्म किया जा सकेगा। उम्मीद करें कि पंजाब व हरियाणा में विभिन्न सामाजिक संगठनों को इस घातक प्रथा को समाप्त करने के खाप के सामूहिक संकल्प से प्रेरणा मिलेगी। बेहतर हो कि खाप की पहल का अनुपालन हो। हालांकि, सामाजिक स्तर पर यह जमीनी प्रयास महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को भी इस मामले में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। हालांकि, सुप्रीम व हाईकोर्ट बार-बार जश्न मनाने में गोलीबारी की अवैधता व खतरों की ओर ध्यान दिलाते रहते हैं। साथ ही इसे जीवन के प्रति लापरवाही से उपजा खतरा बताते रहे हैं। बल्कि यहां तक कि कोर्ट ने ऐसे कृत्यों में गैर इरादतन हत्या की कोशिश के रूप में कार्रवाई किये जाने की भी बात कही है। वहीं दूसरी ओर बंदूक से जुड़े नियमों को भी सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही कानूनों के उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त बंदूक लाइसेंसिंग मानदंडों के अतिक्रमण के मामलों को रोकने के लिये सुरक्षा प्रोटोकॉल की शिक्षा दी जानी अनिवार्य की जानी चाहिए। लोगों को जागरूक होकर यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी उत्सव में हर्ष फायरिंग जैसी त्रासदियों की छाया से मुक्त होकर खुशियों के पल बरकरार रहें।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे भाई! हम लोगों की यह बारात वर के योग्य नहीं है। क्या पराए नगर में जाकर हँसी कराओगे? विष्णु भगवान की बात सुनकर देवता मुस्कुराए और वे अपनी-अपनी सेना सहित अलग हो गए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**मनहीं मन महेसु मुसुकाहीं। हरि के बिंग्य बचन नहिं जाहीं॥**
**अति प्रिय बचन सुनत प्रिय केरे। भृंगिहि प्रेरि सकल गन टेरे॥**

महादेवजी (यह देखकर) मन-ही-मन मुस्कुराते हैं कि विष्णु भगवान के व्यंग्य-वचन (दिल्लगी) नहीं छूटते! अपने प्यारे (विष्णु भगवान) के इन अति प्रिय वचनों को सुनकर शिवजी ने भी भृंगी को भेजकर अपने सब गणों को बुलवा लिया॥

**सिव अनुसासन सुनि सब आए। प्रभु पद जलज सीस तिन्ह नाए॥**
**नाना बाहन नाना बेषा। बिहसे सिव समाज निज देखा॥**

शिवजी की आज्ञा सुनते ही सब चले आए और उन्होंने स्वामी के चरण कमलों में सिर नवाया। तरह-तरह की सवारियों और तरह-तरह के वेष वाले अपने समाज को देखकर शिवजी हँसे॥

**कोउ मुख हीन बिपुल मुख काहू। बिनु पद कर कोउ बहु पद बाहू॥**
**बिपुल नयन कोउ नयन बिहीना। रिष्टपुष्ट कोउ अति तनखीना॥**

कोई बिना मुख का है, किसी के बहुत से मुख हैं, कोई बिना हाथ-पैर का है तो किसी के कई हाथ-पैर हैं। किसी के बहुत आँखें हैं तो किसी के एक भी आँख नहीं है। कोई बहुत मोटा-ताजा है, तो कोई बहुत ही दुबला-पतला है॥

(क्रमशः...)

# गरीब वर्ग के लिए बेहद लाभकारी है भारत की 'दान' संस्कृति

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में दान दक्षिणा की प्रथा का अलग ही महत्व है। भारत में विभिन्न त्यौहारों एवं महापुरुषों के जन्म दिवस पर मठों मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर समाज के सम्पन्न नागरिकों द्वारा दान करने की प्रथा अति प्राचीन एवं सामान्य प्रक्रिया है। गरीब वर्ग की मदद करना ईश्वर की सबसे बड़ी सेवा माना जाता है। समाज में आपस में मिल बांटकर खाने पीने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है और यह प्रथा भारतीय समाज में बहुत आम है। परिवार में आई किसी भी खुशी की घटना को समाज में विभिन्न वर्गों के बीच आपस में बांटने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है। इस उपलक्ष्य में कई बार तो बहुत बड़े स्तर पर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं। जैसे जन्म दिवस मनाना, परिवार में शादी के समारोह के पश्चात समाज में नाते रिश्तेदारों, दोस्तों एवं मिलने वालों को विशेष आयोजनों में आमंत्रित करना, आदि बहुत ही सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत के विभिन्न मठों, मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर प्रतिदिन 10 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रसादी के रूप में भोजन वितरित किया जाता है।

साथ ही, पूरी दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है, जिसमें निवासरत नागरिक, चाहे वह कितना भी गरीब से गरीब क्यों न हो, अपनी कमाई में से कुछ राशि का दान तो जरूर करता है। भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि हिंदू सनातन संस्कृति के अनुरूप, महर्षि दधीच ने तो, देवताओं को असुरों पर विजय प्राप्त करने के उद्देश्य से, अपने शरीर को ही दान में दे दिया था, जिसे इतिहास में उच्चत्तम बलिदान की संज्ञा भी दी जाती है।

आज के युग में जब अर्थ को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जा रहा है, तब अधिक से अधिक धनराशि का दान करना ही शुभ कार्य माना जा रहा है। इस दृष्टि से वैश्विक स्तर पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि दुनिया में सबसे बड़े दानदाता के रूप में आज भारत के टाटा उद्योग समूह के श्री रतन टाटा का नाम सबसे ऊपर उभर कर सामने आता है। इस सूची में टाटा समूह के संस्थापक श्री जमशेदजी टाटा का नाम भी बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है, जिन्होंने अपने जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में 8.29 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। इसी प्रकार, श्री रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने वर्ष 2021 तक 8.59 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। आप अपनी कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा गरीब वर्ग की सहायतार्थ दान में दे देते थे। श्री रतन टाटा केवल भारत स्थित संस्थानों को ही दान नहीं देते थे बल्कि वैश्विक स्तर पर समाज की भलाई के लिए कार्य कर रहे संस्थानों को भी दान की राशि उपलब्ध कराते थे। आपने वर्ष 2008 के महामंदी के दौरान अमेरिका स्थित कार्नेल विश्वविद्यालय को 5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का दान प्रदान किया था। श्री रतन टाटा ने आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जे. एन. टाटा एंडाउमेंट, सर रतन टाटा स्कॉलर्शिप एवं टाटा स्कॉलर्शिप की स्थापना कर दी थी। श्री रतन टाटा चूंकि अपनी कमाई का बहुत बड़ा भाग दान में दे देते थे, अतः उनका नाम कभी भी अमीरों की सूची में बहुत ऊपर उठकर नहीं आ पाया। इस सूची में आप सदैव नीचे ही बने रहे। श्री रतन टाटा जी के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने अपने जीवन काल में इतनी बड़ी राशि का दान किया था कि आज विश्व के 2766 अरबपतियों के पास इतनी सम्पत्ति भी नहीं है।



**जब अर्थ को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जा रहा है, तब अधिक से अधिक धनराशि का दान करना ही शुभ कार्य माना जा रहा है। इस दृष्टि से वैश्विक स्तर पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि दुनिया में सबसे बड़े दानदाता के रूप में रतन टाटा का नाम सबसे ऊपर उभर कर सामने आता है।**

यूं तो टाटा समूह ने भारत राष्ट्र के निर्माण में बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, परंतु कोरोना महामारी के खंडकाल में श्री रतन टाटा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जिस समय पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा था, उस समय श्री रतन टाटा ने न केवल भारत बल्कि विश्व के कई अन्य देशों को भी आर्थिक सहायता के साथ साथ वेंटिलेटर, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, मास्क और दस्ताने आदि सामग्री उपलब्ध कराई। श्री रतन टाटा के निर्देशन में टाटा समूह ने इस खंडकाल में 1000 से अधिक वेंटिलेटर और रेस्पिरेटर, 4 लाख पीपीई किट, 35 लाख मास्क और दास्ताने और 3.50 लाख परीक्षण किट चीन, दक्षिणी कोरिया आदि देशों से भी आयात के भारत में उपलब्ध कराए थे।

श्री रतन टाटा के पूर्वज पारसी समुदाय से थे और ईरान से आकर भारत में रच बस गए थे। श्री रतन टाटा ने न केवल भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों को अपने जीवन में उतारा, बल्कि इन संस्कारों का अपने पूरे जीवनकाल में अक्षरशः अनुपालन भी किया। इन्हीं संस्कारों के चलते श्री रतन टाटा को आज पूरे विश्व में सबसे बड़े दानदाता के रूप में जाना जा रहा है।

टाटा समूह का वर्णन तो यहां केवल उदाहरण के रूप में किया जा रहा है। अन्यथा, भारत में ऐसे कई औद्योगिक घराने हैं जिन्होंने अपनी पूरी संपत्ति को ही ट्रस्ट के माध्यम से समाज के उत्थान एवं समाज की भलाई के लिए दान में दे दिया है। प्राचीन भारत में यह कार्य राजा महाराजाओं द्वारा किया जाता रहा हैं। हिंदू सनातन संस्कृति के विभिन्न शास्त्रों में यह वर्णन मिलता है कि ईश्वर ने जिसको सम्पन्न बनाया है, उसे समाज में गरीब वर्ग की भलाई के लिए कार्य करना चाहिए। यह सहायता गरीब वर्ग को सीधे ही उपलब्ध कराई जा सकती है अथवा ट्रस्ट की स्थापना कर भी गरीब वर्ग की मदद की जा सकती है। वर्तमान में तो निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर - कोरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी) के सम्बंध में कानून की बना दिया गया है। जिन कम्पनियों की सम्पत्ति 500 करोड़ रुपए से अधिक है अथवा जिन कम्पनियों का वार्षिक व्यापार 1000 करोड़ रुपए से अधिक है अथवा जिन कम्पनियों का वार्षिक शुद्ध लाभ 5 करोड़ से अधिक है, उन्हें इस कानून के अंतर्गत अपने वार्षिक शुद्ध लाभ के दो प्रतिशत की राशि का उपयोग समाज की भलाई के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं पर खर्च करना आवश्यक होता है। इन विभिन्न मदों पर खर्च की जाने वाली राशि का प्रतिवर्ष अंकेक्षण भी कराना होता है, ताकि यह जानकारी प्राप्त की जा सके राशि का सदुपयोग समाज की भलाई के लिए किया गया है एवं इस राशि का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं हुआ है।

भारत में गरीब वर्ग/परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में समाज में सम्पन्न वर्ग द्वारा किए जाने वाले दान आदि की राशि से भी बहुत मदद मिलती है। निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर) योजना के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ भी समाज के गरीब वर्ग को ही मिलता है। अतः विश्व में शायद भारत ही एक ऐसा देश है जहां सरकार एवं समाज मिलकर गरीब वर्ग की भलाई हेतु कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। इसीलिए ही अब यह कहा जा रहा है कि हिंदू सनातन संस्कृति का विस्तार यदि वैश्विक स्तर पर होता है तो, इससे पूरे विश्व का ही कल्याण हो सकता है एवं बहुत सम्भव है कि वैश्विक स्तर पर गरीबी का नाश होकर चहुं ओर खुशहाली फैलती दिखाई दे।

**-प्रह्लाद सबनानी**
**सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक**
**भारतीय स्टेट बैंक**

## मज़ाक करना.. मज़ाक नहीं

(व्यंग्य)

एक रविवार मैंने पत्नी से कुछ कह दिया जो उन्हें नागवार गुज़रा। फिर एहसास हुआ कि रिटायरमेंट के बाद इनके साथ ही रहना है कोई ऐसी बात नहीं करनी चाहिए कि बची खुची ज़िंदगी मज़ाक बनकर रह जाए। चांद का मुंह सीधा करने के लिए, बिगड़ी हुई बात की मरम्मत करते हुए पत्नी से कहा, मैं तो मज़ाक कर रहा था। कहने लगी, मुझे इस तरह का मज़ाक बिलकुल पसंद नहीं है। आप पहले बिना सोचे समझे कुछ भी बोल देते हो, बाद में कह देते हो मज़ाक था भई। वह मज़ाक नहीं कर रही थी।

मुझे लगा घोषणा करूं कि अब जो बात करने जा रहा हूं वह मज़ाक होगा। ऐसे कहूं कि चलो डार्लिंग, छत पर चलते हैं मुझे आपसे मज़ाक में कुछ बात करनी है। आपको एक मज़ाक अच्छा लगा तो दूसरा भी करूंगा। यह सुनकर पत्नी ने अपना ख़ास और अचूक डायलाग मार दिया, 'शांति का दान दो'। दान देना अच्छी बात है लेकिन शांति दान में देना अच्छी बात नहीं है। हमारे नेता तो मांगकर भी शांति नहीं देते। अनेक जगह करोड़ों के नुकसान के बाद भी शांति स्थापित नहीं हो पाई। खैर, हमने शांति का दान दिया ताकि माहौल ठीक रहे।

एक दिन फिर बात बिगड़ गई। उस बार मैंने मज़ाक ही किया था। पत्नी अपनी मनपसंद रील देख रही थी। हमने उन्हें चाय बनाने के लिए कहा जो उन्होंने सुना नहीं। फिर एक बार, थोडा जोर से कहा लेकिन बात नहीं बनी। हमने उनके कान के पास जाकर कहा, कान से देख रही हो क्या। बोली, जब आप देखते हो तो कान से देखते हो क्या, अब कहो, मज़ाक कर रहा था। मैंने कहा, मज़ाक ही था। बोली आप मज़ाक नहीं व्यंग्य कर रहे हो। हमने कहा, पहले से बताकर मज़ाक नहीं किया जाता। ऐसा तो बाद में ही बोला जाता है। आप तो दिन में कई बार बोल देते हो, मज़ाक था भई, वह बोली। इस बार भी वह मज़ाक नहीं कर रही थी।

मुझे संजीदगी से सोचना पडा कि मज़ाक नाप तोल कर ही करना चाहिए। हम नेता तो हैं नहीं कि जिसके साथ मर्ज़ी मज़ाक करते रहो, जब तक चाहे करते रहो, कोई कुछ नहीं कहेगा। पत्नी का मामला है, सीरियस हो गया तो व्यवहार और खाने में मिर्चें बढ़ सकती हैं। आपसी सम्बन्ध मज़ाक बन सकते हैं। चिंतन करने लगा कि क्या सचमुच ऐसा हो सकता है कि मज़ाक करने से पहले बता दो कि मज़ाक करने वाला हूं और दूसरा व्यक्ति भी पहले से तैयार रहे कहे, जी, मैं तैयार हूं कृपया अब आप मेरे साथ मज़ाक करें।

क्या पत्नी से भी कहा जा सकता है, सर, आपकी इजाजत हो तो आपके साथ मज़ाक कर लूं। अगर ऐसे बात करेंगे तो पत्नी कहेगी, आपका दिमाग हिल गया है। सठियाने के बाद भी आपको समझाना पडेगा कि मज़ाक कैसे करते हैं। अगर पत्नी से कहोगे कि मज़ाक कर रही हो क्या, तो कहेगी सीरियसली कह रही हूं, मज़ाक की बात नहीं है।

मज़ाक करने का अधिकार कुछ लोगों के पास है, मज़ाक करवाने, सहने और बनने का कर्तव्य ज़्यादा का है। यह तो वही हुआ कि बाहर जोर से बारिश हो रही हो और पत्नी से कहिए, धूमने चलें, तो कहेगी बाहर बारिश हो रही है, मज़ाक कर रहे हो क्या। तब तो कहना ही पड़ेगा मज़ाक था भई।

- **संतोष उत्सुक**



**मुझे लगा घोषणा करूं कि अब जो बात करने जा रहा हूं वह मज़ाक होगा। ऐसे कहूं कि चलो डार्लिंग, छत पर चलते हैं मुझे आपसे मज़ाक में कुछ बात करनी है। आपको एक मज़ाक अच्छा लगा तो दूसरा भी करूंगा।**

## राशिफल

**पौष कृष्ण पक्ष चतुर्थी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार। पहले से समय में थोड़ा सा अनुरूपता आई है। प्रेम और संतान की स्थिति अभी भी मध्यम चल रही है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चोट-चपेट लग सकती है। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। कोई रिस्क मत लीजिएगा। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम,संतान की स्थिति ठीक-ठाक।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार भी अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
थोड़ा डिस्टर्बेंस वाला समय रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भावुक होकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं से बचें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। गृह कलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन आगमन होगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। निवेश वर्जित रहेगा और ज्यादा बोलने में भी थोड़ा विराम लगाएं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
एक बहुत ही पॉजिटिव एनर्जी का समावेश रहेगा आपमें। स्वास्थ्य पहले से बहेतर।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
यात्रा कैंसिल हो सकती है। यात्रा में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन थोड़ा व्याकुल रहेगा। अज्ञात भय सताएगा। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आय में आशातीत बढ़ोतरी। शुभ समाचार की प्राप्ति। यात्रा का योग बनेगा। प्रेम, संतान मध्यम रहेगा।

# कांग्रेसियों ने लखनऊ पहुंच किया विधानसभा का घेराव




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिले से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कल जिलाध्यक्ष दीपक चोटीवाला के नेतृत्व में विधानसभा घेराव के लिए लखनऊ पहुँचे। इस अवसर पर गौतम अवाना, धर्म सिंह, मुकेश शर्मा, संदीप नागर, श्रुति कुमारी, नीतीश चौधरी, अरुण भाटी, अरविन्द रेक्सवाल, सूबेदार सतपाल फौजी, डॉ0 रघुराज सिंह, गौतम सिंह, सुबोध भट्ट, उर्मिला चौधरी, ओमबीर नागर, गौरव नागर, हरेन्द्र खारी, राजू कुमार, गोपाल सिंह, रोहित नागर, सचिन जीनवाल हवलदार रविन्द्र सिंह, सूबेदार वीरेंद्र सिंह आदि रहे शामिल।

# गाजियाबाद में चला बुलडोजर, कई जगहों पर जमकर तोड़फोड़

## निगम की भूमि पर कब्जा करने वालों पर होगी कार्रवाई : नगर आयुक्त

**साहिबाबाद।** नगर निगम की टीम ने कल यूपी गेट के पास बनी झुग्गियों पर बुलडोजर चलाया। अवैध रूप से झुग्गी बनी थीं। निगम ने 30 से अधिक झुग्गियों को ध्वस्त कर दिया। वहीं निगम की टीम ने वसुंधरा सेक्टर चार के लोगों को ग्रीन बेल्ट के पास से अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी।

यूपी गेट के पास काफी दिन पहले दो-तीन झुग्गियां बनी थीं। कुछ दिन से यहां लगातार झुग्गियों की संख्या बढ़ रही थी। आरोप है कि दिल्ली की ओर से आकर लोग झुग्गी बना रहे थे। झुग्गियों की वजह से गंदगी फैल रही थी। इसकी शिकायत नगर निगम के अधिकारियों से की गई। निगम ने जगह को खाली करने के लिए नोटिस जारी किया था।

निगम की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची। इसके बाद सभी झुग्गियों को तोड़ दिया। लोगों ने इसका विरोध किया लेकिन पुलिस ने सख्ती दिखाई तो सभी शांत हो गए। निगम की ओर से पुलिस को पत्र लिखा गया है। जिससे पुलिस आगे से यहां अतिक्रमण को रोक सके।

नगर निगम ने बुधवार को प्रतिबंधित पालीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। वैशाली सेक्टर चार, बिहारी मार्केट, बृज विहार में पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। पालीथिन को जब्त कर लिया। जो लोग कोयले की भट्टी चला रहे थे उनको बंद कराया। पालीथि और भट्टी चलाने वालों पर एक लाख 34 हजार का जुर्माना लगाया।

आवास विकास परिषद ने बुधवार को वसुंधरा सेक्टर-10 में 2500 वर्ग मीटर भूमि पर बनी अवैध झुग्गियों को तोड़ दिया। इस




भूमि पर कई वर्ष से कब्जा था। आवास विकास परिषद के अधीक्षण अभियंता अजय कुमार मित्तल ने बताया कि यह ग्रुप हाउसिंग के लिए खाली है।

लोगों ने इस पर अवैध रूप से झुग्गियां बना ली थी। पूर्व में भी लोगों को झुग्गियां हटाने की चेतावनी दी गई थी। बुधवार को आवास विकास की टीम पुलिस बल साथ मौके पर पहुंची। इस भूमि की कीमत चार करोड़ रुपये है। जमीन पर कुछ लोगों ने डेरी खोल दी थी।

नगर निगम की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निगम की जिन जमीनों पर कब्जा उन्हें कब्जा मुक्त कराएं। इसके तहत अपर नगर आयुक्त वरिष्ठ संपत्ति प्रभारी ने अपनी टीम के साथ बैठक की। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम संपत्ति विभाग महापौर और नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम की भूमि को कब्जा मुक्त कर रहा है।

इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए न्यायालय और शासन के आदेशों के संदर्भों को रफ्तार देने के लिए एसडीएम व अन्य संपत्ति विभाग टीम के साथ बैठक की गई। टीम को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एसडीएम अरुण, संपत्ति प्रभारी पल्लवी, संपत्ति अधीक्षक रामशंकर व अन्य लोग मौजूद थे।

## कविता



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी (राही)
ज्ञानपुर (भदोही)

**कैसे बतलाऊँ उनको हम**
**क्या क्या सोचा करते हैं**
**आँखें रहतीं बंद मगर हम**
**उनको देखा करते हैं**
**मन मे यादों की लहरें**
**उठती हैं और बिगड़ती हैं**
**पता नही मुझको जाने क्यो**
**अक्सर रोयाकरते हैं**
**बहुत प्रयासकिया लेकिन**
**यह मन भी कितना पागल है**
**रोज खयालातों के पंछी आ**
**मँड़राया करते हैं।**
**यह जीवन कैसा जीवन है**
**होंठ नही खुल पाते हैं**
**इस कमरे से उस कमरे तक**
**आया जाया करते हैं।**
**नाम रहा अवतारों का पर**
**जीवन भर का रोना है**
**अपने अपने सब के सपने**
**जख्म अकेले सहते हैं।**

---

### गीत

*भोर में हमको जगाने आ गई*
*ठंडी हवा गाँव की यादें दिलाने*
*आ गई ठंडी हवा*
*याद आने लग गये फिर खेत*
*औ खलिहान मेरे याद*
*आबिरहा-गीत-सोहर-बाँसुरी*
*की तान टेरे।*
*लेके फिर सपने सुहाने आ गई*
*ठंडी हवा दर्द दिल में फिर*
*जगाने आ गई ठण्डी हवा*
*भूले-बिसरे चित्र उभरे फिर*
*मेरे मानस पटल पर पीर*
*परिवारीजनों की छा गई*
*अन्तःकरण पर*
*फिर नये अरमाँ सजाने आ गई*
*ठंडी हवा गाँव की यादें दिलाने*
*आ गई ठंडी हवा*
*जग गई जो सो गई थीं सार्थक*
*वे भावनायें लौट फिर वापस*
*चलीं वह जो रहीं काली*
*घटायें*
*फिर से दीवाली मनाने आ गई*
*ठण्डी हवा भोर में हमको*
*जगाने आ गई ठण्डी हवा*

# बुक प्रकाशन के तीन ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

**मेरठ( एजेंसी )।** आयकर विभाग की पांच स्थानों पर सर्वे की कार्रवाई जारी हैं। आज सुबह विख्यात प्रकाशन के तीन ठिकानों व उनसे जुड़े मनोज सिंघल के सुशांत सिटी स्थित आवास पर भी यह कार्रवाई शुरू हुई। बिल्डर संजय जैन के कमला नगर स्थित आवास पर यह कार्रवाई तीन दिन से चल रही है।

बुक प्रकाशन के यहां आयकर की टीम ने आज सुबह सर्वे शुरू कर दिया है। प्रकाशन के मालिक योगेश जैन की साकेत स्थित कोठी नंबर 147, बागपत रोड स्थित ऑफिस व देहरादून बाइपास स्थित प्रिटिंग प्रेस पर यह कार्रवाई चल रही हैं। अरिहंत प्रकाशन बड़े प्रकाशकों में गिना जाता है। देशभर में इनकी किताबें, गाइडें और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों की पुस्तकें पढ़ी जाती हैं। प्रकाशन की कोठी पर छापेमारी के दौरान पुलिस फोर्स मौजूद है। वहां पर भाजपा महानगर अध्यक्ष व जैन समाज के कई लोग एकत्र होने लगे हैं।



# प्रदर्शन के दौरान मौत पर प्रभात पांडेय को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ/ नोएडा ( चेतना मंच )।** लखनऊ प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश विधानसभा मार्च में गोरखपुर के युवा कांग्रेस नेता प्रभात पांडे की मृत्यु हो गई थी। आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी लखनऊ कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें शामिल होकर फूल अर्पित कर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतरराष्ट्रीय शूटर किसान नेता पूर्व विधायक प्रत्याशी अखिल भारतीय महिला कांग्रेस पर्यवेक्षक पूनम पंडित ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दिनेश अवाना ,महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन , दामिनी शर्मा ,नसीम, विवेक , राहुल सचान व अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।



# कृषि एव किसान कल्याण राज्यमंत्री से की मुलाकात



**नोएडा (चेतना मंच)** केन्द्रीय कृषि एव किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी के दिल्ली आबास पर भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री ठाकुर एनपी सिंह ने किसानों के चल रहे आंदोलन को लेकर और उनके मांगों को लेकर भेट की और इस पर जल्द से जल्द किसानों की मांगों पूरा करने का अनुरोध भी किया। उन्होंने आश्वासन दिया वह शीघ्र ही भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन के लोगों से मिलेंगे।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री एन पी सिंह तथा अन्य लोग मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**डॉ. अंबेडकर के सम्मान में...**

कि कांग्रेस ने देश में जो माहौल पैदा किया है, कांग्रेस पार्टी ने शुरुआत से ही बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नेहरू द्वारा भारत रत्न देने से मना करने की बात हो या उनके जन्म स्थली या तीर्थ स्थलों को सजाने-संवारने का कार्य हो, इन सभी मामलों में कांग्रेस का रवैया नकारात्मक रहा है। इसके विपरीत, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर एक भाजपा कार्यकर्ता बाबा साहब के सम्मान में दृढ़ संकल्पित है और उनके योगदान को सही मान्यता देने के लिए निरंतर कार्यरत है।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, बाबा साहेब अंबेडकर को भारत रत्न देने से भी कांग्रेस ने मना कर दिया था। यह उनकी पार्टी का असली चेहरा उजागर करता है। जब से भाजपा की सरकार बनी है, हम लगातार बाबा साहेब अंबेडकर और उनके पंच तीर्थ स्थलों का सौंदर्यीकरण कर रहे हैं और उनके योगदान को सही सम्मान दे रहे हैं उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने ना केवल अंबेडकर के विचारों का विरोध किया, बल्कि उनका अपमान भी किया। श्री शाह ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने अंबेडकर के प्रगतिशील हिंदू कोड बिल का समर्थन करने से मना किया, जिसके कारण अंबेडकर को अपना इस्तीफा देना पड़ा था। कांग्रेस के इस रवैये को लेकर उन्होंने कडा आक्षेप किया और कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमेशा ही समाज के हाशिए पर पड़े लोगों के खिलाफ रहा है।

गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर की हर कोशिश को नकारा और उन्हें कमजोर करने का प्रयास किया। नेहरू की सरकार ने अंबेडकर के प्रगतिशील विचारों का विरोध किया और उनके हिंदू कोड बिल को खारिज कर दिया।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**नकली पाइप बनाने...**

शव इंच के 6 बंडल मिले इसके अलावा कैस्ट्रॉल सीवीसी के 1 इंच के 20 मंडल 5~45 के 21 बंडल बरामद हुए कंपनी से पाइप बनाने वाली डायरी बरामद हुई इसके अलावा पाइपों की पैकिंग में काम आने वाले खाली प्लास्टिक के 700 कट्टे, पैकिंग मशीन बाहर नापने वाला कांटा सहित अन्य सामान बरामद हुआ पुलिस टीम ने मौके पर श्री श्याम इंडस्ट्रीज कंपनी के मालिक अनिल मौर्य से बरामद सामान की लिस्ट पर हस्ताक्षर कारण पुलिस ने इन्वेस्टिगेशन फील्ड मैनेजर मनीष जिंदल की शिकायत पर कंपनी मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**सपा सांसद जियाउर्रहमान...**

2 किलोवाट के दो कनेक्शन थे। एक जियाउर्रहमान बर्क के नाम पर और दूसरा उनके दादा के नाम पर। जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ बिजली चोरी को लेकर एफआईआर दर्ज की जा रही है। मीटर की एमआरआई भी कराई गई है। संभल के अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि पुराना मीटर सांसद आवास से उतारकर सील कर दिया गया है। उसकी जांच कराई जाएगी। यदि कोई गड़बड़ी होगी तो जानकारी जांच के बाद सामने आ जाएगी। भारी फोर्स के साथ एहतियाती तौर पर गए थे।

**सड़कों पर सो रहे...**

के अधिकारियों द्वारा सेक्टर-2 नोएडा, सेक्टर 12-22 मार्केट नोएडा, सेक्टर 21ए नोएडा स्टेडियम, इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर-62 नोएडा, सेक्टर 66 ममूरा में रात्रि कालीन भ्रमण करते हुए सड़क किनारे फुटपाथ पर सो रहे लोगों को रैन बसेरों में शिफ्ट कराया। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि कोई भी खुले आसमान व सड़क पर न सोए।

उन्होंने आम जनमानस से भी अपील करते हुए कहा कि यदि उनको भी कोई व्यक्ति खुले आसमान में सड़क किनारे फुटपाथ पर सोता हुआ मिले तो, उसको रैन बसेरे के संबंध में बताएं कि वह ऐसे खुले में न सोकर जिला प्रशासन द्वारा संचालित किये जा रहे रैन बसेरों में प्रवास कर सकते हैं।

नगर मजिस्ट्रेट नोएडा ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में इसी प्रकार से रात्रि कालीन भ्रमण करते हुए सड़क किनारे या खुले आसमान में सो रहे लोगों को रैन बसेरों में शिफ्ट कराया जाएगा एवं जनपद में संचालित रैन बसेरों में सभी मूलभूत सुविधाएं मानकों के अनुरूप बनी रहे उनका भी समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाएगा।

**नोएडा प्राधिकरण का...**

सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खान-पान की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी, जिसमें विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स होंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से लेकर सायं 9 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम की सफलता के आधार पर इसे भविष्य में नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा, जिससे और अधिक लोग इसका लाभ उठा सकेंगे।

**दो स्थानों पर...**

चोरी की जानकारी मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

**नशे में धुत होकर...**

कर हमलावर युवकों के चंगुल से उनके बेटे को बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। सूचना मिलने पर वहां मौके पर पहुंचे और अपने बेटे को उपचार के लिए अस्पताल ले गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी युवकों की तलाश की जा रही है।

### 97वें बलिदान दिवस पर पं.रामप्रसाद बिस्मिल को दी श्रद्धांजलि

# पं.रामप्रसाद बिस्मिल युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत :अनिल आर्य

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में महान देश भक्त,क्रांतिकारी पं. राम प्रसाद बिस्मिल के 97 वें बलिदान दिवस पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि बिस्मिल क्रांतिकारियों के सिरमौर थे।वह सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे।

आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती से प्रेरणा लेकर वह क्रांतिकारी बन गए और बिस्मिल से प्रेरणा पाकर अनेक नोजवान आजादी की लड़ाई में कूद पड़े।उनके घनिष्ठ मित्र अशफाकउल्ला खां भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले।उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश से प्रेरणा लेकर महर्षि दयानन्द के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया था और अनेकों युवा साथियों को लेकर आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। देश की आजादी की लड़ाई को मजबूत करने के लिए हत्यारों और धन की आवश्यकता थी जिसे पूरा करने के लिए प्रसिद्ध काकोरी काण्ड को अंजाम दिया।देश के युवाओं के लिये उनका जीवन सदियों तक प्रकाश पुंज बना रहेगा।आज इतिहास को शुद्ध करके क्रांतिकारियों को सही सम्मान देने की आवश्यकता है,जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण कर सकें।




प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने कहा कि अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल समस्त क्रांतिकारियों के गुरु थे व देश की आजादी के लिए संघर्षरत्त गर्म दल के क्रांति के जनक थे।शाहजहांपुर की उर्वरा धरती में महान क्रांतिकारी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल का जन्म हुआ।आर्य समाज शाहजहांपुर के सत्संग में स्वामी सोमदेव जी के प्रवचनों को सुनके बालक बिस्मिल के मन पर गहरा प्रभाव पड़ा।उनसे प्रभावित होकर पंडित बिस्मिल ने सत्यार्थ प्रकाश पढा,जिसको पढ़ कर बिस्मिल का सम्पूर्ण जीवन बदल गया। नशे जैसी दुष्प्रवृत्ति में जकड़े नौजवानों ने सब बुराइयों को छोड़कर अपने जीवन को संयम तथा सदाचार के मार्ग पर लगा दिया।महर्षि दयानन्द को अपना गुरु मानकर देश को आजाद कराने का संकल्प लिया तथा सम्पूर्ण जीवन देश को आजाद कराने में लगा दिया तथा देश की आजादी की लड़ाई लड़ते लड़ते फाँसी के फंदे को चूम लिया।उन्होंने फांसी के फंदे को चूमते हुए कहा था 'मैं ब्रिटिश साम्राज्य का पतन चाहता हूं' उन्होंने कहा कि जो फांसी पर चढ़े खेल में उनको याद करें,जो वर्षों तक सड़े जेल में उनको याद करें। उन्होंने युवाओं से बिस्मिल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र भाई ने कहा कि शहीद देश की अमानत है,समय समय पर उनको याद करके हम उनके जीवन से प्रेरणा लेकर नयी उर्जा का संचार कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि बिस्मिल पहले क्रांतिकारी थे,जिनका वजन फांसी वाले दिन बढ़ गया था।उन्होंने देश भक्ति से ओतप्रोत रचनाओं 'तेरा वैभव अमर रहे मां,हम दिन चार रहें ना रहें' एवं हे मातृभूमि तेरी,जय हो सदा विजय हो' सुनाकर समा बांध दिया।

**खास खबर**

## बांग्लादेश के लोग भारत से नाराज

**ढाका ।** हमारे लोग भारत से नाराज हैं क्योंकि वे पूर्व पीएम शेख हसीना की मदद कर रहा है। शेख हसीना वहां रहकर स्पीच दे रही हैं। भारत उन्हें वापस भेजे, इससे बांग्लादेश के साथ उसके रिश्ते सुधरने में मदद मिलेगी। ये बात कहने वाले 26 साल के आसिफ महमूद कुछ महीने पहले तक नॉर्मल छात्रा थे। फिर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ अगस्त में हुए प्रोटेस्ट का चेहरा बन गए। उनके इस आंदोलन की वजह से शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। महमूद अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में सलाहकार हैं। उनके पास यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, लोकल गवर्नमेंट और रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी है।

## हॉलीवुड स्टार जेसन त्वचा कैंसर से पीड़ित

**सैन फ्रांसिस्को।** हॉलीवुड अभिनेता जेसन चेम्बर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह त्वचा कैंसर से पीड़ित हैं। अभिनेता ने अपने प्रशंसकों से खास अपील भी की। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर अभिनेता चेम्बर्स ने कैप्शन में लिखा- किसी ऐसे व्यक्ति के लिए ये कठिन है, जिसने अपना पूरा जीवन धूप में बिताया हो, बचपन में खेल खेलने से लेकर समुद्र में काम करने तक, मुझे नहीं लगा था कि मेरे ऊपर सूरज की रोशनी का हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। मुझे सूरज पसंद है और उसकी रोशनी से मिलने वाले फायदे भी जानता हूं, लेकिन हर चीज की सीमा होती है, इसमें संतुलन रखना जरूरी है तो आप समझदारी से काम लें और जीवन में हर चीज की तरह इसका भी सामना करें। चेम्बर्स ने बताया कि शुरूआत में मुझे लगा था ये त्वचा का एक धब्बा है, जो 6 महीने में बदल गया, इसलिए इसे जल्दी पता लगाना ही सही है।

## पुष्पा 2 के प्रीमियर शो में मची भगदड़

**नई दिल्ली।** फिल्म पुष्पा 2 के प्रीमियर शो के दौरान हैदराबाद के एक टॉकीज में भगदड़ में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी और उसका 8 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था वह अस्पताल में भर्ती है, लेकिन उसकी सेहत में सुधार नहीं हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। इस मामले में फिल्म पुष्पा 2 के अभिनेता अल्लू अर्जुन को हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया था। डॉक्टरों के मुताबिक बच्चा मैकेनिकल वेंटिलेशन पर है। इसके अलावा उसे वेंटिलेटर से हटाने के लिए ट्रेकियोस्टोमी यानी एक प्रक्रिया जिसमें सांस लेने की सुविधा के लिए श्वास नली में शल्य चिकित्सा द्वारा एक पाइप डाला जाता है पर विचार किया जा रहा ।

# घर में लगी आग, 6 की दम घुटने से मौत

▸ हादसे के वक्त घर के अंदर थे 9 लोग, 3 की हालत गंभीर



एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में अचानक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक घर में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि घर में सो रहे 9 लोगों को भागने का भी मौका नहीं मिला। शार्ट-शर्किट से लगी आग में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा मदद के लिए आए एक पड़ोसी के भी बेहोश होने की जानकारी सामने आई है। हादसे में गंगा भगत- उम्र 17 वर्ष,दानिश भगत- उम्र 15 वर्ष,अवतार कृष्ण- उम्र 81 वर्ष,बरखा रैना- उम्र 25 वर्ष, ताकाश रैना- उम्र 3 वर्ष, अद्विक रैना- उम्र 4 वर्ष की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पुलिस और फायर कर्मी पहुंच गए हैं। जानकारी के अनुसार हादसे के वक्त घर के अंदर 9 लोग थे। सभी लोग सो रहे थे। इसी दौरान अचानक शार्ट-शर्किट से आग भड़क गई। पूरे घर में धुआं भर गया। इस आगजनी में दम घुटने से 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 3 लोग दम घुटने से बेहोश हो गए हैं। जिसमें एक पड़ोसी भी है, जो घर में फंसे लोगों की मदद कर रहा था। बेसुध लोगों का इलाज कठुआ के जीएमसी अस्पताल में चल रहा है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस और फायर कर्मी पहुंच गए हैं। आग बुझाने में फायर बिग्रेड की टीम जुटी हुई है। वहीं घर में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। घर में शॉर्ट-सर्किट के बाद आग लगी, जिससे हादसा हुआ। कठुआ में आग में 6 लोगों की मौत हुई है, जिनमें बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं।

आग में घुटन से बेहोश हुए 3 लोगों को कठुआ के जीएमसी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम किया।

## वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग, कटरा किया बंद



एजेंसी

**कटरा।** वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने बुधवार को कटरा बंद किया। समिति ताराकोट रोपवे परियोजना का विरोध कर रही है। परियोजना को लेकर लोग सड़क पर उतर आए और इसका विरोध किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि होटल, गेस्ट हाउस, टैक्सी, ऑटो चालकों समेत सभी दुकानदार एकत्रित हुए। इस विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस और पीडीपी ने भी समर्थन दिया है। श्राइन बोर्ड ने ताराकोट मार्ग से सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपए की लागत से यात्री रोपवे परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला किया था।

यात्रा मार्ग के दुकानदार, पिट्ठू और पालकीवालों के साथ स्थानीय लोग इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उन्हें इसे अपनी आजीविका पर कुठाराघात बताया है। परियोजना का विरोध कर रहे लोगों का दावा है कि रोपवे कटरा के बाजार को बायपास कर देगा, जिससे तीर्थयात्रियों के आवागमन पर निर्भर हजारों दुकानदारों पर असर पड़ेगा। रोपवे शुरू होने से उनकी रोजी-रोटी का खतरा पैदा हो जाएगा। इससे पहले 15 दिसंबर को सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने कटरा के मुख्य बाजार में मार्च निकाला था और रोपवे परियोजना की स्थापना के लिए मंदिर बोर्ड के खिलाफ नारे लगाए थे। प्रदर्शनकारी रोपवे परियोजना को लेकर पिछले महीने पुलिस के साथ झड़प के बाद गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की रिहाई की मांग कर रहे थे।

# प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले, एक की मौत

एजेंसी

**गुवाहाटी।** कांग्रेस के 'एक देश-एक चुनाव', स्मार्ट मीटर वापस लेने और मणिपुर में शांति बहाल करने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस के आंसू गैस की चपेट में आने से और धक्का-मुक्की में एक प्रदर्शनकारी अधिवक्ता की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने सरकार के प्रतिआक्रोश व्यक्त किया है। बुधवार को कांग्रेस ने भाजपा के 'एक देश एक चुनाव' के साथ असम में स्मार्ट मीटर वापस लेने और मणिपुर में शांति बहाल करने की मांग को लेकर 'राजभवन चलो' आयोजित किया था। प्रदर्शन के दौरान



पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बन गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस छोड़ी और हल्का बल प्रयोग किया। पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों की हुई धक्का-मुक्की और आंसू गैस के गोले लगने से अधिवक्ता मृदुल इस्लाम घायल हो गए। घायल मृदुल को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल (जीएमसीएच) ले जाया गया, लेकिन वहां उनकी मौत हो गई। इस घटना में कई पत्रकार भी घायल हुए हैं। घायलों को जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। मृतक अधिवक्ता मृदुल इस्लाम दक्षिण कामरूप के सोनतली के निवासी थे और वे कांग्रेस लीगल सेल से जुड़े थे। मृदुल की सात और तीन वर्षीय दो पुत्रियां हैं। घटना के संबंध में असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने कहा है कि पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर आंसू गैस का इस्तेमाल किया, जिसके चलते लोगों की आंखों से पानी निकलने लगा। यह मुख्यमंत्री का अहंकार है। भूपेन बोरा ने आज की घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुलिस में एक प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी।

## आंदोलन में शामिल किसान की मौत

**चंडीगढ़।** फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर चल रहे प्रदर्शन में एक किसान ने सल्फास खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तीन दिन के इलाज के बाद बुधवार सुबह पटियाला के अस्पताल में उसकी मौत हो गई जैसे ही किसान की मौत की खबर मोर्चे पर पहुंची। उसके बाद किसानों ने इस मुद्दे को लेकर अहम बैठक की। बता दें कि किसान का नाम रणजोध सिंह था। वह खन्ना के रतनहेड़ी गांव का रहने वाला था। उसने 14 दिसंबर को किसानों के दिल्ली कूच की कोशिश के दौरान शंभू बॉर्डर पर सल्फास खा लिया था। इसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## डीसीपी शशांक जायसवाल ने दुर्घटना में घायल 3 लोगों की बचाई जान



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में डीसीपी ट्रैफिक श्री शशांक जायसवाल का देवदूत वाला अवतार देखने को मिला, कहते है है ना आपको भगवान ने भेजा है या आप तो देवदूत निकले जो किसी को निस्वार्थ सेवा करे, आपको बता दें यह घटना राजधानी दिल्ली के सुब्रत्रों पार्क की है जहां से डीसीपी ट्रैफिक श्री शशांक जायसवाल रात के समय निकल रहे थे तभी उनकी नजर डीबाईडर से टकराई कार पर पड़ी उन्होंने देखा कि कर में तीन लोग बुरी तरह से फंसे हुए हैं फिर क्या था डीसीपी साहब तुरंत अपने ड्राइवर और ऑपरेटर के साथ मिशन में लग गए और उन्हें तुरंत गाड़ी से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया, गाड़ी चलाने वाले ने बताया कि वह आर्मी में सूबेदार है और अपने परिवार के साथ वह अपने घर जा रहे थे लेकिन ट्रक वाले की वजह से उनकी गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई उन्होंने डीसीपी साहब का आभार जताया और कहां की अगर वह मौके पर नहीं पहुंचते तो कोई बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी क्योंकि वे लोग गाड़ी से बाहर नहीं निकल पा रहे थे डीसीपी साहब के इस कार्य की सोशल मीडिया पर काफी तारीफ हो रही है और लोग दबी जुबान से ही लेकिन कह रहे हैं कि दिल्ली पुलिस को ऐसे ही नहीं दिल की पुलिस कहा जाता है।

## दिल्ली में फिर चली ताबड़तोड़ गोलियां 10 साल के बच्चे को लगी गोली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है ऐसा प्रतीत होता है की राजधानी दिल्ली में अब गोली चलना तो आम बात है, ताजा मामला बाहरी दिल्ली के नरेला इलाके का है जहां कुरैनी गांव में दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई,जिसमें घर के बाहर खेल रहा 10 साल का दीपक घायल हो गया दीपक के घुटने में गोली लगी है, जिसकी वजह से उसकी घुटने की हड्डी टूट गई,पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दीपक को राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया, हमेशा की तरह पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है लेकिन इसमें सबसे बड़ा सवाल यह उठता है की राजधानी दिल्ली में आखिर यह गोलाबारी कब रुकेगी, और इसे रोकने के लिए दिल्ली पुलिस क्या नए कदम उठाती है यह तो आने वाले समय में ही पता चल पाएगा।

## ट्रक ने मारी टक्कर एक की मौत

**जयपुर।** जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर ट्रक ने खड़ी पुलिस वैन को टक्कर मार दी, जिसमें सवार एक पुलिसकर्मी की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा कांस्टेबल और ट्रक ड्राइवर घायल हो गए हैं। हादसा राजाधोक टोल प्लाजा के पास मंगलवार देर रात हुआ। पिछले सात दिन में जयपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है। बस्सी थाना अधिकारी ने बताया कि थाने की पीसीआर राजाधोक टोल प्लाजा पर खड़ी थी। इसमें एक हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल अतर सिंह (55) सिंह ड्यूटी दे रहे थे।

## मछुआरे को समंदर में मिली कोकीन की भारी भरकम खेप

एजेंसी

**फ्लोरिडा।** ब्रेवार्ड काउंटी के पास अटलांटिक महासागर में एक मछुआरा अपने रोजाना के काम के तहत मछली पकड़ने के लिए गया था। लेकिन जब उसने जाल में फंसी चीज को निकाला, तो वह कोई मछली नहीं बल्कि 55 पाउंड (करीब 25 किलो) से ज्यादा वजन वाली कोकीन थी। खास बात यह थी कि इस कोकीन पर बिच्छू के निशान बने हुए थे और यह वाटरप्रूफ पैकेट में बंद थी। इसके साथ ही इसकी कीमत लगभग 17 लाख डॉलर (लगभग 14 करोड़ रुपये) थी। मछुआरे को जैसे ही यह महसूस हुआ कि उसे क्या मिल गया है, उसने तुरंत इस कोकीन को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मछुआरे की ईमानदारी की सराहना की और कहा कि यह कोकीन किसी नाव से गलती से समुद्र में गिर गई होगी।

# 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें निमार्णाधीन हैं, 200 वंदे भारत स्लीपर रेक का निर्माण प्रौद्योगिकी भागीदारों को सौंपा गया है : अश्विनी वैष्णव

▸ विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए भारतीय रेल ने अप्रैल 2018 से केवल एलएचबी कोच का उत्पादन शुरू किया है

▸ भारतीय रेल दिव्यांगजन और सीमित गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए अधिकांश मेल/एक्सप्रेस और वंदे भारत ट्रेनों पर व्यापक सुविधाएं प्रदान कर रही है





**नई दिल्ली ।** वर्तमान में, देश में लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें उत्पादन के चरण में हैं। पहला प्रोटोटाइप तैयार हो चुका है और यह फील्ड ट्रायल से गुजरेगा। इसके अलावा, 200 वंदे भारत स्लीपर रेक्स के निर्माण का ठेका प्रौद्योगिकी साझेदारों को दिया गया है। ट्रायल की सफलता के आधार पर इन ट्रेनों को रोलआउट किया जाएगा। 02 दिसंबर 2024 तक, भारतीय रेल की ब्रॉड गेज इलेक्ट्रिफाइड नेटवर्क पर 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं छोटी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए चालू हैं। रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं, जिसमें चेयर कार शामिल हैं, ब्रॉड गेज इलेक्ट्रिफाइड नेटवर्क पर चालू हैं। अक्टूबर 2024 तक, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की औसत अधिभोग दर 100% से अधिक है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में, केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारतीय रेल के उत्पादन इकाइयां अप्रैल 2018 से केवल एलएचबी कोच का उत्पादन कर रही हैं। एलएचबी कोच का उत्पादन वर्षों के दौरान लगातार बढ़ा है। 2014-24 के दौरान निर्मित एलएचबी कोच की संख्या (36,933) 2004-14 के दौरान निर्मित कोच (2,337) से 16 गुना अधिक है। भारतीय रेल ने एलएचबी कोच को तेजी से अपनाया है जो तकनीकी रूप से उन्नत हैं और इनमें एंटी-क्लाइम्बिंग व्यवस्था, फेल्योर इंडिकेशन सिस्टम के साथ एयर सस्पेंशन और कम जंग लगने वाले शेल जैसे फीचर्स शामिल हैं। सुगम्य भारत मिशन के तहत, भारतीय रेल दिव्यांगजन और सीमित गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए उल्लेखनीय प्रगति कर रही है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के दिशानिर्देशों के तहत रैंप, सुलभ पार्किंग, ब्रेल और टैक्टाइल साइनेज, कम ऊंचाई वाले काउंटर और लिफ्ट/एस्केलेटर जैसी व्यापक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। नवंबर 2024 तक, भारतीय रेल ने 399 स्टेशनों पर 1,512 एस्केलेटर और 609 स्टेशनों पर 1,607 लिफ्ट स्थापित की हैं। यह पिछले दशक की तुलना में क्रमशः 9 और 14 गुना वृद्धि दशार्ता है। इसके अलावा, अधिकांश मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में चौड़े प्रवेश द्वार, सुलभ वॉशरूम और व्हीलचेयर पार्किंग वाले समर्पित कोच उपलब्ध हैं, जबकि वंदे भारत ट्रेनें स्वचालित दरवाजे, आरक्षित स्थान और दिव्यांगजनों के लिए ब्रेल साइनेज जैसी बेहतर सुविधाओं के साथ उन्नत पहुंच प्रदान करती हैं।

# डबल इंजन सरकार लोकतंत्र की हत्या करने एवं तानाशाही पर उतारू : अविनाश पाण्डेय

एजेंसी

**लखनऊ।** योगी सरकार के कुशासन के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस के विधानसभा घेराव को लेकर पूरे प्रदेश के कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह रहा। नेतृत्व के आवाहन पर पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में कांग्रेसजन कल रात से ही कांग्रेस मुख्यालय में पहुंचने लगे थे। आज सुबह से ही पूरा नेहरू भवन कार्यकताओं के उदघोष से गूंज रहा था। विदित हो कि इस नाकाम योगी सरकार, इस संवेदनहीन योगी सरकार, इस जनविरोधी योगी सरकार, कुंभकर्णी नींद में सोई योगी सरकार को जगाने के लिए उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी ने अपने अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। लगातार चल रही तैयारियों के बीच इस कायर और डरी हुई योगी सरकार ने भरसक प्रयास किया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता लखनऊ न पहुंच पायें। पूरे प्रदेश के हर जनपद में पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाया, उन्हें डराया- धमकाया, हाउस अरेस्ट किया और यहां तक उन्हें बस अड्डों एंव रेलवे स्टेशनों से भी कांग्रेस कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया। राजधानी लखनऊ पहुंचने के तमाम रास्तों पर योगी

▸ कांग्रेस के जांबाज सिपाही योगी सरकार से डरने वाले नहीं : अजय राय

सरकार की पुलिस ने घेराबंदी कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पहुंचने से रोका। योगी सरकार के तमाम तानाशाही और कायराना हथकंडों के बावजूद हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने दल बल के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहंचे। सरकार ने कार्यकताओं का मनोबल तोड़ने के लिए राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय को उनके अस्थाई आवास होटल सराका (लेबुआ) में रोकने की नाकाम कोशिश की गई। सूचना मिलने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि तत्काल हमारे प्रभारी को हमारे बीच में लाया जाये अन्यथा हम कांग्रेसजन गांधीवादी तरीके से होटल पहुंचकर विरोध करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जांबाज सिपाही योगी सरकार से डरने वाले नहीं हैं हम डटकर मुकाबला करने को तैयार है। इससे पूर्व पिछले पूरे एक सप्ताह से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के



नेतृत्व में विधानसभा घेराव की तैयारी कर रही थी। प्रत्येक जनपद पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी बनाकर जनपद के अधिक से अधिक कार्यकताओं को घेराव में लाने का उत्तरदायित्व सौंपा गया था। विधानसभा घेराव से जुड़ी सभी तैयारियों की मानिटरिंग राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय स्वयं कर रहे थे। इसी क्रम में विधानसभा घेराव के एक दिन पूर्व से ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय हजारों कांग्रेस कार्यकताओं के साथ कांग्रेस मुख्यालय पर ही रूक थे। सुबह मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनहित से जुड़े किसी भी समस्या का समाधान योगी सरकार के पास नहीं है और ना ही यह सरकार उन पर बात करना चाहती है, सिर्फ नफरत और विद्वेष की राजनीति कर रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी जनसरोकार के मुद्दों के प्रति संवेदनहीन बने हुए हैं। प्रदेश में हर वर्ग परेशान और हताश है फिर चाहे वह युवा हो, महिलाएं हो, किसान या दलित हों। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने कहा कि डबल इंजन सरकार लोकतंत्र की हत्या और उसके ढांचे को कुचलने का प्रयास कांग्रेसी कामयाब नही होने देंगे।एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कांग्रेसजनों ने विधानसभा की ओर कूच किया, रास्ते में पुलिस प्रशासन द्वारा लगाई गई बैरीकेडिंग के पास पुलिस बल एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का मुक्की हुई। काफी संघर्ष के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं कार्यकर्ताओं ने बैरीकेडिंग तोड़कर आगे बढ़े जहां भारी पुलिस बल द्वारा बड़ी भाले वाली बैरीकेडिंग लगाकर उन्हें रोका गया।आक्रोशित कांग्रेसजनों ने बैरीकेडिंग पर लगे भालों की परवाह न करते हुए उस पर चढ़कर आगे बढ़ने का प्रयास जारी रखा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बैरीकेडिंग पर चढकर योगी सरकार मुदार्बाद, प्रदेश सरकार मुदार्बाद का नारा लगाते हुए कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने बैरीकेडिंग पर लगे भालों की परवाह न करते हुए बड़े उत्साह के साथ चढ़कर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर हाथों की चूड़ी फेंककर अपना विरोध दर्ज कराया। तकरीबन एक घंटे से अधिक की जद्दोजहद के बाद पुलिस प्रशासन को मजबूरन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम सत्य नारायण पटेल सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को पुलिस प्रशासन द्वारा जबरन गिरफ्तार कर अस्थाई जेल ईको गार्डन ले जाया गया। इस मौके पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, बृजलाल खाबरी, मिजार्पुर के पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, केशव चंद यादव, विश्वविजय सिंह, राघवेंद्र सिंह, आलोक प्रसाद, निवर्तमान प्रदेश महासचिव सैफ अली नकवी, मुकेश सिंह चौहान, मनिंद्र मिश्रा, सरिता पटेल, अरशद खुर्शीद, ओमवीर यादव, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता पुनीत पाठक, कुलभूषण त्रिपाठी, डॉ. अलीमुल्लाह खान, राजकुमार मौर्य, डॉ. सुधा मिश्रा, प्रदेश सचिव सुरेंद्र कुशवाहा, जैनेन्द्र पांडेय, अजीत यादव, निवर्तमान महिला कांग्रेस प्रभारी शहला अहरारी, अनामिका यादव, नम्रता दान, पूनम पंडित, प्रतिभा अटल पाल, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, विक्रम पाण्डेय, युवा कांग्रेस पूर्वी के अध्यक्ष विशाल सिंह, पश्चिमी के पारस शुक्ला, मध्य के दीपक शिवहरे एवं कार्यकारी अध्यक्ष अंकित तिवारी, ज्ञानेश शुक्ला, शिवम त्रिपाठी, देनप अध्यक्ष सुशीला शर्मा, अनस रहमान, डॉ. रिचा शर्मा, ऋषभ पाण्डेय, मजीद शेख, अंशुल यादव, किसान कांग्रेस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, जगदीश सिंह, शमीम खान, सुशीला शर्मा, मेहताब जायसी, सुनीता रावत, मंजू दीप रावत, तनवीर फातिमा सहित आदि ने भी गिरफ्तारी दी।

कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा एवं विधायक वीरेन्द्र चौधरी को सदन की करवाई खत्म होने के बाद गिरफ्तार कर इको गार्डन लाया गया। आराधना मिश्र मोना ने कहा कि यह सरकार कांग्रेस पार्टी से डरी हुई है इसलिए कांग्रेस के जिले जिले के वरिष्ठ नेताओं को हाऊस अरेस्ट किया गया है लेकिन कांग्रेसी उससे डरने वाले नहीं हैं। मिजार्पुर जिले के पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के दमनकारी नीतियों एवं कार्यकर्ताओ को जगह जगह हाऊस अरेस्ट करने के तानाशाही रवैए के बावजूद हजारों कार्यकर्ताओं ने पीसीसी हाऊस पहुंच कर विधानसभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाया ऐसे संघर्ष शील कांग्रेसियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

खास खबर

### सुरजीत सेकिया ने की शानदार बल्लेबाजी

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डीवीजन में गुरुमन क्रिकेट एकेडमी को 147 रन से हराकर नार्दर्न रेलवे एकेडमी ने बढ़त बना ली। इस मैच में सुरजीत सेकिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 69 रन बनाये। नार्दर्न रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर से पहले 32वें ओवर में ही 214 रन बनाकर आउट हो गयी। सलामी बल्लेबाज सुरजीत सेकिया ने 10 चौकों की मदद से 81 बाल पर 69 रन बनाये। वहीं अंजुल मिश्रा ने 12 रन का योगदान दिया, जबकि अभिषेक ने 38 रन और यशवंत ने 32 रन बनाये। ऋषि राज ने 14 रन बनाये। वहीं गुरुमन क्रिकेट एकेडमी मात्र 67 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी और नार्दर्न रेलवे ने 147 रन से मैच को जीत लिया। अपनी टीम में सबसे अधिक फैज आलम ने 24 रन बनाये। वहीं गोल्डी यादव शून्य पर ही पवेलियन लौट गये, जबकि सलामी बल्लेबाज दिव्यांश ने 13 रन का योगदान दिया।

### पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा करेंगे अब कमेंट्री

**जोहानिसबर्ग ।** साल 2007 के टी20 विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा अब कमेंट्री करेंगे। अगले साल 9 जनवरी से शुरू हो रहे बेतवे एसए 20 लीग के तीसरे सत्र में रॉबिन कमेंट्री करेंगे। 9 जनवरी से आठ फरवरी तक चलने वाली इस टी20 लीग का सीधा प्रसारण भारत में वायकॉम 18 के चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म स्पोटर्स 18 और जियो सिनेमा पर किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार उथप्पा के साथ कमेंट्री टीम में महान बल्लेबाज केविन पीटरसन, शॉन पोलाक, स्टुअर्ट ब्रॉड और क्रेस मौरिस भी होंगे।

### रोहन फिर डीडीसीए अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली ।** रोहन जेटली एक बार फिर दिल्ली जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष बने हैं। रोहन ने पूर्व क्रिकेटर और टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद को हराकर लगातार तीसरे बार डीडीसीए अध्यक्ष का पद हासिल किया है। 35 वर्ष के रोहन को चुनावों में 1577 वोट मिले जबकि आजाद को उनसे आधे 777 वोट ही मिले हैं। कुल मिलाकर 2413 वोट डाले गए थे जबकि जीत के लिए 1207 वोट की जरुरत थी।

रोहन इससे पहले साल 2020 में भी निर्विरोध अध्यक्ष बने थे क्योंकि उस समय रजत शर्मा ने बीच में ही पद छोड़ दिया था। एक साल बाद उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को चुनावों में हराया। रोहन के पिता दिवंगत अरूण जेटली 14 साल तक डीडीसीए अध्यक्ष रहे थे। रोहन को बीसीसीआई के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना का भी समर्थन मिला हुआ था। वहीं खन्ना की बेटी शिखा कुमार उपाध्यक्ष बनी हैं। शिखा ने राकेश कुमार बंसल और सुधीर कुमार अग्रवाल को हराया है। अशोक कुमार 893 वोट के साथ ही सचिव चुने गए जबकि हरीश सिंगला 1328 वोट के साथ ही कोषाध्यक्ष बने हैं। अमित ग्रोवर को 1189 वोट मिले और वह संयुक्त सचिव बने हैं। सभी पदाधिकारी तीन साल के लिए चुने गए हैं। आजाद डीडीसीए में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए अध्यक्ष पद के लिए चुनावों में उतरे थे पर उन्हें सफलता नहीं मिल पायी।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी: बारिश ने ड्रा कराया ब्रिसबेन टेस्ट

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** लगातार रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने दूसरी पारी 89/7 पर पारी घोषित करने और भारत को 275 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए आमंत्रित किया। जवाब में भारतीय टीम बिना किसी नुकसान के 8 रन बना लिये थे तभी बारिश शुरू हो गई। काफी देर इंतजार करने के बाद जब बारिश नहीं रूकी तो मैच को समाप्त घोषित कर दिया गया, परिणाम स्वरूप मैच ड्रा हो गया और पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर है। दोनों टीमों के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट में ‚4 दिसंबर से मेलबर्न में खेला



जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे। जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 260 रन बनाए। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 185 रन की बढ़त मिली थी। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी 7 विकेट पर 89 रन बनाकर घोषित की ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरूआत खराब रही और केवल 33 रनों पर उस्मान ख्वाजा (08), मार्नश लाबुशेन (01), नाथन मेकस्विनी (04) मिचेल मॉर्श (02) और स्टीव स्मिथ (04) पवेलियन लौट गए।

यहां से ट्रैविस हेड और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। 60 के कुल स्कोर पर सिराज ने हेड (17) को आउट कर भारत को छठी सफलता दिलाई। पैट कमिंस ने 10 गेंदों पर 20 रनों की तेज पारी खेली। 85 के कुल स्कोर पर बुमराह ने उन्हें आउट कर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका दिया। बुमराह का यह ओवर समाप्त होने पर ऑस्ट्रेलिया ने 89 के कुल स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। भारत के लिए जसप्रीत बुराह ने 3, मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने 2-2 विकेट लिए।

### भारत ने अपनी पहली पारी में 260 रन बनाए

इससे पहले आज पांचवें दिन आज भारत ने अपने कल के स्कोर 252 रन पर 9 विकेट से आगे खेलना शुरू किया। भारतीय आखिरी जोड़ी आकाशदीप और जसप्रीत बुमराह कल के स्कोर में 8 रन और जोड़े। 260 के कुल स्कोर पर ट्रैविस हेड की गेंद पर आकाशदीप स्टंप आउट हुए। आकाशदीप ने महत्वपूर्ण 31 रन बनाए, वहीं बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए केएल राहुल (84) और रवींद्र जडेजा (77) ने भी बेहतरीन अर्धशतकीय पारियां खेलीं। राहुल ने 84 और जडेजा ने 77 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने 4, मिचेल स्टॉर्क ने 3, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और ट्रैविस हेड ने 1-1 विकेट लिया।

### ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 445 रन, हेड और स्मिथ का शतक

इससे पहले ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में अपनी पहला पारी में 445 रन बनाए। हेड ने 152 और स्मिथ ने 101 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी ने अरधशतक लगाते हुए 70 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 6, मोहम्मद सिराज ने दो और आकाशदीप, नीतीश रेड्डी ने 1-1 विकेट लिए।

## रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** भारतीय अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के तीसरे टेस्ट के समापन के बाद तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ब्रिसबेन टेस्ट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अश्विन ने कहा, ‘यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रारूपों में भारतीय क्रिकेटर के रूप में मेरा आखिरी साल होगा। मुझे लगता है कि एक क्रिकेटर के रूप में मुझमें अभी भी कुछ दमखम बाकी है, लेकिन मैं इसे व्यक्त करना चाहता हूं, क्लब स्तर के क्रिकेट में इसका प्रदर्शन करना चाहता हूं। उन्होंने कहा,‘मैंने खूब



मौज-मस्ती की। मैंने रोहित [शर्मा] और अपने कई साथियों के साथ बहुत सारी यादें बनाई हैं, भले ही हमने पिछले कुछ सालों में उनमें से कुछ को [रिटायरमेंट के कारण] खो दिया हो। हम ओ.जी. के आखिरी समूह हैं, हम ऐसा कह सकते हैं। मैं इसे इस स्तर पर खेलने की अपनी तारीख के रूप में चिह्नित करूंगा। जाहिर है कि बहुत से लोगों को धन्यवाद देना है, लेकिन अगर मैं बीसीसीआई और साथी टीम के साथियों को धन्यवाद नहीं देता तो मैं अपने कर्तव्यों में विफल हो जाऊंगा। अश्विन ने 106 टेस्ट में 24 की औसत से 537 विकेट लेकर भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपना टेस्ट करियर समाप्त किया, जो केवल अनिल कुंबले से पीछे है, जिन्होंने 132 टेस्ट में 619 विकेट लिए।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में चल रही सीरीज के पहले तीन टेस्ट में से सिर्फ.एक खेला, एडिलेड में दिन-रात के मुकाबले में उन्होंने 53 रन देकर 1 विकेट लिया। पिछली सीरीज में, न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 3-0 की हार में, अश्विन ने 41.22 की औसत से सिर्फ. नौ विकेट लिए थे।

## पृथ्वी शॉ विजय हजारे ट्रॉफी से बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया से लंबे समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ को विजय हजारे ट्रॉफी की मुंबई टीम से भी हटा दिया है। खराब फॉर्म और प्रदर्शन के चलते पृथ्वी को टीम से बाहर कर दिया गया है। विजय हजारे ट्रॉफी 21 दिसंबर से शुरू होने वाली है। पृथ्वी शॉ, जिन्हें कभी भारतीय क्रिकेट का भविष्य कहा जाता था और जिन्होंने टेस्ट डेब्यू में शतक जड़ा था, फिलहाल मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। इस सत्र में उनका प्रदर्शन बेहद साधारण रहा है। रणजी ट्रॉफी के दौरान उन्हें अनुशासन और फिटनेस संबंधी कारणों से बीच टूनार्मेंट से बाहर



कर दिया गया था। हालांकि, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए उनकी वापसी हुई और मुंबई ने यह खिताब जीता, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर शॉ के प्रदर्शन में सुधार नहीं दिखा। नवंबर में हुई आईपीएल नीलामी में भी शॉ को बड़ा झटका लगा था, जब किसी फ्रेंचाइजी ने उन्हें खरीदने में रुचि नहीं दिखाई। घरेलू क्रिकेट में भी वह प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। विजय हजारे ट्रॉफी के पिछले सत्र में उन्होंने औसत प्रदर्शन किया था और इस बार टीम में उनको जगह नहीं मिली। मुंबई टीम से बाहर किए जाने के बाद पृथ्वी शॉ ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा कि भगवान, मुझे बताओ कि मुझे और क्या देखना है? लेकिन मैं आप पर भरोसा बनाए रखूंगा और उम्मीद है कि लोग मुझ पर विश्वास करेंगे, क्योंकि मैं निश्चित रूप से वापसी करूंगा।

## मैल्कम मार्शल जैसे गेंदबाज नजर आते हैं बुमराह : बॉर्डर

एजेंसी

**ब्रिस्बेन ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान एलन बॉर्डर ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज मैल्कम मार्शल से की है। बॉर्डर ने कहा कि उन्होंने बुमराह जैसा कोई गेंदबाज नहीं देखा है। वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें हमेशा विकेट मिलता है। साल 2024 में अपने बेहतरीन प्रदर्शन को जारी रखते हुए बुमराह ऑस्ट्रेलिया में कपिल देव के बाद 50 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया में कम से कम 20 विकेट लेने वाले किसी भी गेंदबाज का औसत बुमराह की तरह 17.82 का नहीं रहा है। बॉर्डर ने कहा, मैं उनकी तुलना मार्शल से ठीक से नहीं कर



सकता क्योंकि मैंने कभी बुमराह का सामना नहीं किया पर उन्हें देखकर लगता है कि दोनों में बहुत अंतर नहीं है। बुमराह असाधारण हैं। वह शायद ही कभी विकेट लिए बिना कोई स्पैल फेंकते हैं। वह अलग हैं। उन्होंने कहा, अपने एक्शन की वजह से, वह गेंद को बाद में छोड़ देते हैं। और वह हर समय मुस्कुराते रहते हैं। वह लगातार तीन बार बल्लेबाज को चकमा दे सकते हैं और हर बार मुस्कुराते हैं। मैंने उनके जैसा कोई नहीं देखा।

### डैरेन सैमी वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कोच नियुक्त

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** मशहूर क्रिकेटर डैरेन सैमी को वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के सभी प्रारुपों का कोच नियुक्त किया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के निदेशक माइल्स बैसकॉम्ब ने यह नियुक्ति की है। वह अप्रैल 2025 में वर्तमान टेस्ट कोच आंद्रे कोले का स्थान लेंगे। सीमित ओवर कोच डैरेन सैमी सभी प्रारूपों के लिए कोच बनाये जाने पर कहा, ‘किसी भी प्रारुप में, किसी भी पद पर वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए हमेशा से सम्मान की बात है। हालांकि इस खबर की कल्पना मैंने भी नहीं की थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कोच बनूंगा, लेकिन जिस तरह से अभी तक चीजे सामने आयी हैं उससे मुझे इस काम से प्यार हो गया है। मैं अपनी नई भूमिका, नई यात्रा के लिए भी उत्साहित हूं।

## मैंने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, इसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं: रोहित शर्मा

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ब्रिसबेन में एक और निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कहा कि उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की और इसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले रोहित तीन पारियों में सिर्फ 19 रन बना पाए हैं। रोहित की आलोचना का मूल कारण क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में उनके घरेलू प्रदर्शन हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक 3-0 की घरेलू सीरीज में वाइटवॉश के दौरान, अपनी चमक खो चुके इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज ने तीन टेस्ट



मैचों में 15.17 की औसत से सिर्फ 91 रन बनाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हारने से पहले भी, जब भारत ने बांग्लादेश का सामना किया था, तो इस तेजतर्रार सलामी बल्लेबाज ने दो टेस्ट मैचों में सिर्फ 42 रन बनाए थे, जबकि उनका औसत सिर्फ 10.50 था। रोहित ने माना कि यह स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है कि उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की है, लेकिन उन्हें लगता है कि उनका शरीर अभी भी अच्छी तरह से चल रहा है, जो दशार्ता है कि रन उनके बल्ले से दूर नहीं हो सकते हैं। रोहित ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ‘मैंने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की है। इसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन मुझे पता है कि मेरे दिमाग में क्या है, मैं खुद को कैसे तैयार कर रहा हूं। यह जितना संभव हो उतना समय बिताने के बारे में है। जब तक मेरा दिमाग, शरीर और मेरे पैर अच्छी तरह से चल रहे हैं, मैं इस बात से काफी खुश हूं कि चीजें मेरे लिए कैसे हो रही हैं। ये संख्याएँ बता सकती हैं कि उन्हें बड़े नंबर मिले हुए काफी समय हो गया है, मेरे जैसे व्यक्ति के लिए, यह इस बारे में है कि मैं अपने बारे में कैसा महसूस कर रहा हूँ। मैं अपने बारे में अच्छा महसूस कर रहा हूँ। हाँ रन यह नहीं दिखा रहे हैं लेकिन अंदर यह एक अलग एहसास है।

## बल्लेबाजी रैंकिंग में मंधाना तीसरे स्थान पर पहुंची

एजेंसी

**दुबई ।** ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की बदौलत भारतीय उप-कप्तान स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर, वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के अंतिम मैच में 105 रन की पारी खेली जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को मुंबई में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 54 रन बनाए। मंधाना एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में



शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दो स्थान के नुकसान से 13वें जबकि हरलीन देओल नौ स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा दो स्थान के नुकसान से पांचवें पायदान पर हैं। भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 48 स्थान की लंबी छलांग के साथ 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि रेणुका ठाकुर 28वें से संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट दो स्थान के फायदे से 11 स्थान पर हैं। उन्होंने नाबाद 65 रन की पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला 2-1 से जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। पर्थ में 50 रन बनाने वाली एशलेग गार्डनर 16वें से 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि ताहलिया मैकग्रा आठ स्थान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं। अनाबेल सदरलैंड 15 स्थान के फायदे से 29वें पायदान पर हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 110 रन की मैच विजयी पारी खेली थी। गार्डनर गेंदबाजी रैंकिंग में भी दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जो उनके करियर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। वह ऑलराउंडर की सूची में भी चौथे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं।

## ओलंपिक की बात करते थे तो मजाक बनाते थे : योगेश्वर दत्त

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पूर्व रेसलर योगेश्वर दत्त ने बताया कि जब वह ओलंपिक की बात करते थे तो लोग उनका मजाक बनाते थे। योगेश्वर दत्त ने साल 2012 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। हाल ही में एक चैनल की समिट में पूर्व रेसलर भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संघर्ष पर बात की। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने कुश्ती की इमेज खराब की। ओलंपिक मेडलिस्ट ने कहा, कुश्ती में मेडल जीतने के लिए मैं बता नहीं सकता कि मैंने कितना संघर्ष किया है। हमें इतनी ज्यादा इंजरी हुई है। हम ये गिन गिनते भी भूल जाते हैं। हम दिन भर के 7-8 घंटे मेहनत करते थे। राजनीति



भी मुश्किल है। हर खिलाड़ी चाहते हैं कि वे मेडल जीते लेकिन जिसकी किस्मत अच्छी होती है वो वहीं ओलंपिक में मेडल जीतता है। दत्त ने आगे कहा, जब आप किसी दूसरे के हाथ में खेलने लग जाते हो तो ऐसा ही होता है। पहलवानों ने आंदोलन किया। उन्होंने बृजभूषण पर केस किया। आ?ोप लगाए। मैं मानता हूं कि जो दोषी हो उसे सजी मिलनी चाहिए। लेकिन पहलवानों ने कुश्ती को बदनाम किया। कांग्रेस ने ये सब किया। बाद में सच भी सामने आ गया कि यहां कौन गलता था ह्व योगेश्वर दत्त ने आगे कहा,ह्व मैं और सुशील कुमार एक साथ आए हैं जब हम ओलंपिक की बात करते थे तो लोग हमारा मजाक बनाते थे। जब हमारे कोच कहते थे कि हम मेडल लेकर आएंगे तो लोगों को लगता था कि ये झूठ बोल रहे वे मजाक बनाते थे। हमने मेहनत की और मेडल जीता। लड़कियां भी कुश्ती में अच्छा कर रही हैं वो जहां भी जा रही मेडल जीतकर आ रही है।


## स्कॉट बोर्थविक की जगह डरहम के कप्तान बने एलेक्स लीस

एजेंसी

**डरहम।** एलेक्स लीस को डरहम क्रिकेट क्लब का कप्तान नियुक्त किया गया है और उन्होंने अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे वह कम से कम अगले तीन सत्रों तक क्लब में बने रहेंगे। 2022 में इंग्लैंड के लिए 10 टेस्ट खेलने वाले लीस ने पिछले सीजन में डरहम को टी20 ब्लास्ट क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया था और पिछले दो वर्षों से उनकी व्हाइट-बॉल टीमों का नेतृत्व कर रहे हैं। अब वह काउंटी चैंपियनशिप में भी स्कॉट बोर्थविक की जगह लेंगे, जो अपने करियर के अंत के करीब पहुंचने के साथ ही खिलाड़ी-कोच की भूमिका में आ रहे हैं। हैलिफैक्स में जन्मे लीस को भविष्य में टेस्ट में नियमित खिलाड़ी माना जा रहा था, जब उन्होंने यॉर्कशायर में 22 साल की उम्र में टी20 टीम की कप्तानी की थी। लेकिन जेसन गिलेस्पी के कोच पद से हटने और 2018 में डरहम में जाने के बाद उन्हें फॉर्म में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कैरिबियन में अपनी पहली सीरीज में इतना अच्छा प्रदर्शन किया कि उन्हें बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड के पहले घरेलू समर के लिए बरकरार रखा गया, लेकिन अंततः 19 पारियों में दो अर्द्धशतक और 23.84 की औसत के रिकॉर्ड के साथ उन्हें बाहर कर दिया गया। वह तब से डरहम के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, पिछले दो सीजन में नौ चैंपियनशिप शतक बनाए हैं। लीस ने क्लब के एक बयान में कहा, डरहम में नए पुरुष क्लब कप्तान के रूप में



नामित होने पर मुझे खुशी है। उत्तर पूर्व में जाना मेरे लिए अच्छा रहा है, इसलिए अब मुझे डरहम की कप्तानी करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है। मेरा मानना है कि इस टीम में आगे बढ़ने और ट्रॉफी जीतने की क्षमता है। हमारे पास यहाँ बहुत से बेहतरीन खिलाड़ी हैं और यही बात मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करती है। मुझे लगता है कि हमारे पास ऐसे खिलाड़ियों का समूह है जो वास्तव में चुनौती दे सकते हैं और कुछ जीतने की कोशिश कर सकते हैं। डरहम की कप्तानी करने का यह अवसर मुझे रेड-बॉल टीम पर कुछ वास्तविक ध्यान केंद्रित करने का अवसर देता है, जो हमने पिछले कुछ वर्षों में बनाई है। डरहम के क्रिकेट निदेशक मार्कस नॉर्थ ने कहा कि वह खुश हैं कि लीस ने अपने अनुबंध के विस्तार पर हस्ताक्षर करने पर सहमति व्यक्त की है, जो 2025 सत्र के अंत में समाप्त होने वाला था। उन्होंने कहा, ‘एलेक्स का क्लब के प्रति समर्पण, जुनून और महत्वाकांक्षाएं 2018 में उनके आगमन के बाद से ही स्पष्ट हैं। वह टीम में एक लोकप्रिय और सम्मानित व्यक्ति हैं जो दृढ़ता के साथ नेतृत्व करते हैं। डरहम ने 2025 के लिए अपने शीर्ष क्रम को मजबूत किया है, जिसमें विल रोड्स और एमिलियो गे क्रमशः वारविकशायर और नॉर्थम्पटनशायर से शामिल हुए हैं। सैम कोनर्स, जो इंग्लैंड लायंस के लिए खेल चुके हैं, भी डबीर्शायर से शामिल हुए हैं और उनके सीम अटैक में गहराई लाएंगे। लीस 2025 सत्र के शुरूआती चरणों में स्टोक्स और मार्क वुड को बुला सकते हैं, क्योंकि दोनों खिलाड़ियों ने आईपीएल नीलामी के लिए पंजीकरण नहीं कराया है, हालांकि उनकी उपलब्धता ईसीबी द्वारा तय की जाएगी। हाल ही में मेगा-नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा अनुबंधित किए जाने के बाद ब्राइडन कार्से अप्रैल या मई में उपलब्ध नहीं होंगे।



एंटेटोकोउनम्पो ने बास्केटबॉल चैंपियनशिप गेम जीतने के बाद ट्रॉफी उठाई और खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ जश्न मनाया।



# महाभारत बनाने से क्यों डरे हुए हैं आमिर खान

आमिर खान वर्तमान में अपने प्रोडक्शन में बनी फिल्म लापता लेडीज के प्रचार में व्यस्त हैं, क्योंकि यह ऑस्कर 2025 में भारत की आधिकारिक एंट्री बन गई है। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में अभिनेता ने अधिक फिल्में बनाने, नई प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में बात की। उन्होंने महाभारत फिल्म पर काम करने के विचार के बारे में भी बात की।

## आमिर खान का बयान

उन्होंने महाभारत पर फिल्म बनाने के बारे में आगे बात की और कहा, खैर, यह मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है और यह एक बहुत ही डरावना प्रोजेक्ट है। इतना बड़ा और मुझे इसे गलत करने का डर है। यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि भारतीयों के रूप में यह हमारे लिए बहुत करीब है। यह हमारे खून में है, इसलिए मैं इसे सही करना चाहता हूं। मैं हर भारतीय को गौरवान्वित करना चाहता हूं। मैं दुनिया को यह भी दिखाना चाहता हूं कि भारत के पास क्या है। मुझे नहीं पता कि यह होगा या नहीं, लेकिन यह कुछ ऐसा है, जिस पर मैं काम करना चाहता हूं तो चलिए देखते हैं।

## फिल्म का बजट

लेखक अंजुम रजबअली ने 2018 में एक कार्यक्रम में मीडिया को बताया कि आमिर खान महाभारत पर आधारित एक हाई बजट वाली फिल्म बनाने के विचार पर काम कर रहे थे। वास्तव में उसी वर्ष उन्होंने राकेश शर्मा की बायोपिक से बाहर निकलकर उस फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया, जिसके बारे में अफवाह थी कि इसका बजट 1000 करोड़ रुपये होगा।

## आने वाली फिल्म

इस बीच आमिर खान ने अपनी पिछली फिल्म लाल सिंह चड्ढा के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के बाद अभिनय से ब्रेक ले लिया था। अब अभिनेता फिल्म सितारे जमीन पर से वापसी करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में आमिर, दर्शील सफारी और जेनेलिया देशमुख मुख्य भूमिकाओं में हैं। आरएस प्रसन्ना इस सीक्वल का निर्देशन कर रहे हैं, जो 2018 की स्पेनिश फिल्म चैंपियंस पर आधारित है। फिल्म अभी पोस्ट-प्रोडक्शन में है और इसे 2025 में रिलीज किया जाना है।



# अशनूर ने फिल्म शूटिंग में फिटनेस चैलेंज का सामना किया

एक्ट्रेस अशनूर कौर की फिल्म किसको था पता जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का डायरेक्शन फिल्ममेकर अनुभव सिन्हा की पत्नी, रत्ना सिन्हा ने किया है। अशनूर इससे पहले रणबीर कपूर की संजू और तापसी पन्नू की मनमर्जियां में सपोर्टिंग एक्टर के तौर पर काम कर चुकी हैं। हालांकि, यह उनकी पहली फिल्म बतौर लीड होगी। हाल ही में बातचीत के दौरान, एक्ट्रेस ने अपने शूटिंग अनुभव और फिटनेस चैलेंज के बारे में खुलकर बात की। अशनूर ने बताया कि कैसे चोट की वजह से शूटिंग के दौरान उनका वजन बढ़ गया था। वह अपनी फिटनेस के प्रति बहुत सतर्क थीं। उन्होंने कहा, मुझे घुटनों में चोट लग गई थी, इसलिए शूटिंग के दौरान मेरी फिटनेस रूटीन रुक गई थी। अगले दिन एक बाइक सीक्वेंस शूट होना था, जो कि स्क्रिप्ट में नहीं था, लेकिन मैंने डायरेक्टर को बताया कि मुझे बाइक चलानी आती है और मैं कर सकती हूं। वह सीन खास तौर पर शामिल किया गया था। फिर अगले दिन ही शूट नहीं हो सका क्योंकि मेरी चोट के कारण मुझे काफी दर्द हो रहा था। मेरी फिटनेस रूटीन भी रुक गई, तो मुझे अपनी डाइट को लेकर और सतर्क होना पड़ा। अगर आप फिल्म देखेंगे तो शायद आपको मेरी फ्लक्टूएटिंग फिजिक नजर आए। कभी ज्यादा वजन दिख रहा था तो कभी नॉर्मल। इसलिए, शूटिंग के दौरान मैं अपने वजन को लेकर काफी जागरूक थी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें इस किरदार के लिए कोई फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन करना पड़ा, तो अशनूर ने कहा, ज्यादा समय नहीं मिला, मुझे करना था लेकिन नहीं हो पाया। हमने कोशिश की और बेस्ट किया। इन दिनों, अशनूर डेली सोप सुमन इंदोरी में काम कर रही हैं। एक्ट्रेस ने यह भी शेयर किया कि कैसे उन्होंने इस फिल्म के प्रमोशन को प्राथमिकता देने के लिए डेली सोप से ब्रेक लिया और दोनों कामों को बैलेंस करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मुश्किल तो है क्योंकि जाहिर है, शो में मेरा डुप्लिकेट शूट हो रहा है, बॉडी डबल का इस्तेमाल हो रहा है। लोग कहते हैं कि आप दो चीजें एक साथ नहीं कर सकते या एक ही काम कर सकते हैं एक बार में, लेकिन मुझे लगता है कि नहीं, आपको बस उसे बैलेंस करना चाहिए। आप दोनों चीजें कर सकते हैं, बस उसे मैनेज करना होगा और दोनों काम अच्छे से कर सकते हैं। फिल्म में किरदार श्रेया के लिए अशनूर ने बताया, हमारे वर्कशॉप हुए थे। आपको अपने किरदार के लिए काम करना पड़ता है इससे पहले कि वह स्क्रीन पर आए। मुझे बहुत कम समय मिला, सच कहूं तो, बाकी लोग इस पर महीनों से काम कर रहे थे। मुझे सिर्फ एक हफ्ता मिला, लेकिन उसमें रत्ना मॅम की गाइडेंस और डायरेक्शन, हर विजन को समझने में मदद मिली। यह एक लंबी प्रोसेस थी, जिसे हमने एक हफ्ते में पूरा किया और फ्लोर पर उतर गए।



# नितिन और श्रीलीला की फिल्म रॉबिनहुड की रिलीज आगे खिसकी

नितिन और श्रीलीला की आगामी एक्शन ड्रामा फिल्म रॉबिनहुड को लेकर निर्माताओं ने एक अहम जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसे देखने के बाद नितिन और श्रीलीला के प्रशंसक थोड़ा निराश हो सकते हैं। साउथ अभिनेता नितिन और पुष्पा 2 द रूल में किसिक सॉन्ग से सभी का दिल जीत चुकीं श्रीलीला अब फिल्म रॉबिनहुड में नजर आएंगे। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी, जिसको माइथ्री मूवी मेकर द्वारा निर्मित किया जा रहा है, लेकिन जहां यह फिल्म पहले अपनी निर्धारित तारीख पर रिलीज की जा रही थी, वहीं अब निर्माताओं ने सोशल मीडिया हैंडल पर नई रिलीज डेट के लिए एक पोस्ट शेयर किया है।

## रॉबिनहुड की नई रिलीज डेट

पुष्पा 2 द रूल के निर्माता माइथ्री मूवी मेकर अब अपने अगले प्रोजेक्ट रॉबिनहुड के लिए कमर कस रहे हैं। उनका अगला प्रोजेक्ट का नाम है रॉबिनहुड। इस फिल्म में नितिन और श्रीलीला रोमांस करते नजर आएंगे। लेकिन फिल्म निर्माताओं ने जहां इसकी रिलीज डेट पहले 25 दिसंबर, क्रिसमस पर रखी थी। अब उन्होंने इसे बदलने का फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में पहले रश्मिका मंदाना को लिया जा रहा था, लेकिन कुछ कारणों की वजह से अब इस फिल्म में मुख्य किरदार में श्रीलीला नजर आएंगी। ऐसा पहली बार है जब किसी फिल्म में नितिन और श्रीलीला की जोड़ी नजर आएगी।

## एक्स पर माइथ्री मूवी मेकर्स को पोस्ट

माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है, कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों की वजह से फिल्म रॉबिनहुड की रिलीज डेट 25 दिसंबर टाल दी गई है, जल्द ही इसकी जगह एक नई रिलीज डेट जारी की जाएगी। अपने एक्साइटमेंट को थामे रखें क्योंकि एंटरटेंमेंट देखने लायक होगा, जब यह फिल्म सिनेमाघरों में आएगी तो आपका अनुभव भुलाने लायक नहीं होगा।

# फियर के साथ साल का अंत करना शानदार रहा

अभिनेत्री वेधिका कुमार अपनी हालिया रिलीज फियर को लेकर उत्साहित हैं। साल के अंत को लेकर अभिनेत्री ने कहा, फियर के साथ साल का अंत करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद और शानदार रहा। अभिनेत्री ने अपनी हालिया रिलीज फियर के साथ इस साल रिलीज अपनी अन्य पांच फिल्मों के बारे में भी बताया।

वेधिका ने कहा, जब ईश्वर की कृपा होती है, तो जादू होता है। 2023 से मेरी यात्रा ऐसी ही रही है और मैं अपने प्रशंसकों, दुनिया और अपने शुभचिंतकों के प्रति कृतज्ञता से भरी हुई हूं। एक साल में पांच फिल्में रिलीज होना वास्तव में खास है, खासकर जब हर प्रोजेक्ट मुझे अलग-अलग तरीकों से चुनौती देता है और मुझे अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। साल की मजबूत शुरुआत करना और अब इसे फियर के साथ समाप्त करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद लगता है। मैं सराहना के लिए आभारी हूं और मुझे उम्मीद है कि यह गति मुझे 2025 में और भी अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। 'फियर' का ट्रेलर आर. माधवन ने जारी किया था। वेधिका उनके साथ गर्मजोशी से भरा गहरा रिश्ता शेयर करती हैं। वेधिका की झोली में कई शानदार प्रोजेक्ट हैं। इसमें एक तमिल फिल्म भी शामिल है। वेधिका कुमार मुख्य रूप से तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। अपने शोबिज करियर की शुरुआत में वह ज्यादातर मॉडलिंग असाइनमेंट में दिखाई दीं। अभिनेत्री को 'मद्रासी' में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अर्जुन ने संपर्क किया था। 'मद्रासी' की रिलीज के बाद, वेधिका को हिंदी फिल्म 'जय संतोषी मां' में एक भूमिका की पेशकश की गई थी, लेकिन फिल्म नहीं बन पाई। वेधिका ने साउथ इंडियन फिल्मों में काम करना जारी रखा और कई शानदार फिल्में दीं।



# अक्षय कुमार की स्काई फोर्स की शूटिंग पूरी



नए साल की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और इसके साथ ही 2025 में कुछ रोमांचक बॉलीवुड फिल्में भी धूम मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इनमें से एक बहुप्रतीक्षित एरियल एक्शन फिल्म स्काई फोर्स है, जिसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में हैं। निर्देशक जोड़ी संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर ने हाल ही में घोषणा की कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि यह फिल्म बनानी मुश्किल थी।

## फिल्म की शूटिंग पूरी

16 दिसंबर, 2024 को आगामी फिल्म स्काई फोर्स के निर्देशकों ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर साझा किया कि शूटिंग पूरी हो गई है। संदीप केवलानी ने अपनी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा, मैं स्काई फोर्स पर काम करने वाले सभी लोगों का बहुत आभारी हूं। फिल्म को बनाना निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण था, लेकिन यह क्रू का समर्पण है, जिसने इसे संभव बनाया।

## इस दिन रिलीज होगी फिल्म

अक्षय कुमार के साथ कलाकारों में सारा अली खान , निमरत कौर, नवोदित वीर और शरद केलकर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, अमर कौशिक और ज्योति देशपांडे ने किया है। स्काई फोर्स 24 जनवरी, 2025 को बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है।



# एटली का मजाक उड़ाने को लेकर हुई ट्रोलिंग पर कपिल शर्मा ने तोड़ी चुप्पी

कॉमेडियन-अभिनेता कपिल शर्मा ने आखिरकार एटली विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने नेटफिलक्स शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर एटली के बारे में अपनी टिप्पणियों पर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी फिल्म निर्माता के लुक के बारे में टिप्पणी नहीं की। ट्रोल्स को जवाब देते हुए उन्होंने उनसे नफरत न फैलाने का आग्रह किया।

## ट्रोल्स को कपिल का जवाब

सोशल मीडिया पर हो रही आलोचनाओं के बीच कपिल शर्मा ने एक एक्स यूजर को जवाब दिया और खुद पर एटली के लुक का अपमान करने के लगे आरोपों पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने लिखा, प्रिय महोदय, क्या आप कृपया मुझे समझा सकते हैं कि मैंने इस वीडियो में लुक के बारे में कब और कहां बात की? कृपया सोशल मीडिया पर नफरत न फैलाएं। लोग खुद देखें और फैसला करें, भेड़ की तरह किसी के ट्वीट को फॉलो न करें।

## कपिल ने एटली का उड़ाया मजाक

हाल ही में बेबी जॉन की कास्ट द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आए, जिसमें वरुण धवन, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और फिल्म के को-प्रोड्यूसर एटली शामिल थे। शो के दौरान कपिल ने बताया कि शाहरुख खान की फिल्म जवान की सफलता के बाद एटली कैसे एक बड़े डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बन गए हैं। इस पर कपिल शर्मा ने एटली से पूछा, जब आप पहली बार किसी स्टार से मिलते हैं तो क्या वे पूछते हैं कि एटली कहां हैं?

## एटली ने दिया यह जवाब

एटली ने स्थिति को बहुत अच्छे से संभाला। उन्होंने जवाब दिया, एक तरह से, मैं आपके सवाल को समझ गया। मैं जवाब देने की कोशिश करूंगा। मैं वास्तव में एआर मुरुगादॉस सर का बहुत आभारी हूं, क्योंकि उन्होंने मेरी पहली फिल्म बनाई थी। उन्होंने स्क्रिप्ट मांगी, लेकिन यह नहीं देखा कि मैं कैसा दिख रहा हूं या मैं इसके लिए सक्षम हूं या नहीं, लेकिन उन्हें मेरा नेरेशन पसंद आया। मुझे लगता है कि दुनिया को यह देखना चाहिए। हमें दिखावे से नहीं आंकना चाहिए। आपको अपने दिल से आंकना चाहिए।




# गेम चेंजर की विदेश में शुरू हुई एडवांस बुकिंग, राम चरण ने की घोषणा

राम चरण और कियारा अडवाणी की बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय राजनीतिक ड्रामा फिल्म गेम चेंजर 10 जनवरी, 2025 को संक्रांति के अवसर पर रिलीज के लिए तैयार है। लेकिन उससे पहले गेम चेंजर की एडवांस बुकिंग को लेकर राम चरण ने अपने एक्स और इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक जानकारी शेयर की है, जिसके अनुसार फिल्म गेम चेंजर की विदेश में एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। राम चरण और शंकर की जोड़ी ने फिल्म को लेकर प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी है, जिसे देखकर लग रहा है कि फिल्म गेम चेंजर निश्चित रूप से शानदार शुरुआत करेगी। ऐसा पहली बार में जब किसी फिल्म में राम चरण के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी नजर आई हो। प्रशंसक दोनों की जोड़ी को पहले ही गेम चेंजर के टीजर, ट्रेलर और गानों में पसंद कर चुके हैं। राम चरण ने इंस्टाग्राम पर लिखा, एक विशाल वैश्विक तूफान शुरू हो गया है। गेम चेंजर की विदेशी बुकिंग अब शुरू हो गई है। गेम चेंजर की एडवांस बुकिंग यूके और उत्तरी अमेरिका जैसे प्रमुख विदेशी चुनिंदा सिनेमाघरों में खुली और इसे प्रशंसकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिली। गेम चेंजर में बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी के अलावा एसजे सूर्या, अंजलि, श्रीकांत, नवीन चंद्रा, सुनील के अलावा भी कई कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# स्काईटेक मैट्रोट के 27 फ्लैट सील

## बकाया न जमा करने पर नोएडा प्राधिकरण ने की कार्रवाई




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम के निर्देश पर बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को बकाया पैसा जमा न करने पर सेक्टर-76 स्थित मैसर्स स्काईटेक कन्सट्रक्शन प्रा.लि. (स्काईटेक मैट्रोट) के निर्मित 27 फ्लैटस को सील करने का आदेश दिया है। प्राधिकरण के अधिकारियों की इस कार्रवाई से बड़े बकायेदार बिल्डर सहमे हुए हैं।

सेक्टर-76 में स्थित 20900 वर्गमीटर का ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच-1 के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आवंटी को उप विभाजित भूखण्ड का पटटा प्रलेख निष्पादित कराते हुए भूखण्ड का कब्जा लिया गया।

आवंटी द्वारा भूखण्ड के विरूद्ध देय धनराशि जमा नहीं करायी गयी थी। इस संबंध में समय-समय पर आवंटी को देय धनराशि जमा कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण द्वारा कई नोटिस जारी किये गये। इसके बाद फिर आवंटी द्वारा भूखण्ड के विरूद्ध देय धनराशि जमा नहीं करायी गयी। नोएडा प्राधिकरण ने 14 अगस्त 2024 को भी एक और नोटिस जारी करते हुए आवंटी को 15 दिन के भीतर देय धनराशि जमा करने को कहा था, लेकिन फिर भी धनराशि का भुगतान नहीं किया गया।

# नोएडा के कांग्रेसियों ने लखनऊ में किया प्रदर्शन



**नोएडा (चेतना मंच)।** महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा के अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेसजन लखनऊ के प्रदर्शन में शामिल हुए।

शामिल होने वाले में मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय शूटर किसान नेता अखिल भारतीय महिला कांग्रेस बड़े पर्यवेक्षक पूर्व विधायक प्रत्याशी पूनम पंडित ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दिनेश अवाना ,महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, दामिनी शर्मा, नसीम खान, विवेक, प्रमोद, आनंद, विक्की, सरोज, आशीष, आसिफ व अन्य लोग मौजूद रहे।

# पंचशील बालक इंटर कॉलेज में 5 को विधिक साक्षरता व सेवा शिविर कार्यक्रम

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-91 स्थित पंचशील बालक इंटर कॉलेज में नये बालक इंटर कॉलेज में वृहद विधिक साक्षरता व सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।




वर्ष के प्रथम रविवार को वृहद विधिक साक्षरता व सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में जनपद गौतमबुद्धनगर के 43 विभाग अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यक्रमों एवं योजनाओं को लेकर स्टॉल लगाकर उनका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करते लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में जनपद की जनता के विधिक सशक्तिकरण एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम एवं योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आगामी 5 जनवरी 2025 को पंचशील

शिविर की तैयारियों को लेकर आज जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना के निर्देश पर अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ऋचा उपाध्याय ने अपने कार्यालय कक्ष में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों की बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले विधिक साक्षरता व सेवा शिविर में जनपद के 43 विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली से गिरनार जी तक राष्ट्रीय स्तर पर 'श्री नेमि गिरनार धर्म पद यात्रा'

**नोएडा (चेतना मंच)।** विश्व जैन संगठन और सहयोगी संस्थाओं की एक विशेष सभा का आयोजन मंगलवार, 17 दिसंबर 2024 की रात्रि को संगठन के विश्वास नगर, दिल्ली मुख्य कार्यालय पर किया गया जिसमें दिल्ली से लगभग 1500 किमी की राष्ट्रीय स्तर की प्रथम विशाल धर्म पद यात्रा की सफलता हेतु संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।




संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि जैन समाज के लिए 20 जैन तीर्थंकरों की मोक्षभूमि श्री सम्मेद शिखर के समान ही 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ मोक्षभूमि श्री गिरनार है और 2 जुलाई 2025 को नेमिनाथ भगवान के मोक्षकल्याणक अवसर पर पूज्य जैन संतों के आशीर्वाद से पहली बार दिल्ली से गिरनार जी तक राष्ट्रीय स्तर पर धर्म पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें दिल्ली के साथ अन्य राज्यों के श्रद्धालु भी शामिल होंगें। यह यात्रा प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान के जन्म कल्याणक पर 23 मार्च 2025 को होगा दिल्ली से भव्य शुभारंभ होगा।

विशेष सभा में संगठन के मंत्री राजीव जैन, सहमंत्री मनीष जैन, कोषाध्यक्ष मयंक जैन, प्रचार मंत्री प्रदीप जैन, मीडिया प्रभारी आकाश जैन, सम्मानित सदस्य वीरेंद्र जैन, अनुज जैन, निपुण जैन, अमित जैन, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका रुचि जैन, युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री सागर जैन, देवेश जैन और संगठन की नोएडा शाखा के अध्यक्ष के. के. जैन व महामंत्री दिनेश जैन, जैन शिक्षा समिति के महामंत्री जय किशन जैन मौजूद थे।

# शहीद स्मारक में 23वां विजय दिवस सम्पन्न

**नोएडा (चेतना मंच)।** शहीद स्मारक संस्था ने 23वाँ विजय दिवस मनाया। मुख्य




अतिथि वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन, एवीएसएम, वीएसएम; नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख ने पुष्पांजलि अर्पित की। जिसके बाद सेना मुख्यालय के एडीजी एचआर मेजर जनरल आनंद सक्सेना और वायुसेना मुख्यालय की ओर से एवीएम आर गुरुहरि, एसीएएस (डब्ल्यूपीएनएस) और भारतीय नौसेना के स्टेशन कमांडर कमोडोर सौरभ ठाकुर ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद 31 शहीदों के परिवारों, चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल जीएल बख्शी, पीवीएसएम, (सेवानिवृत्त), डीएम, डीसीपी, कर्नल आईपी सिंह, डीएस पठानिया, सुभाष शर्मा और सीपीओ एनसी शर्मा, सभी सेवानिवृत्त; अरुण विहार और जलवायु विहार संस्थानों के प्रमुख; हमारे समर्थक, श्री परमानंद गर्ग, डीजीएम, पीएनबी और श्री विजय कुमार, आरएम एसबीआई; प्रिंसिपल, श्रीमती इंद्राणी नियोगी, एपीएस और डॉ रितु सिंह, सरकारी इंटर कॉलेज और उनके छात्र; और आम नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले मुख्य अतिथि का स्वागत अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वाईपी खुराना, पीवीएसएम, (सेवानिवृत्त), समारोह प्रमुख मेजर जनरल डीके सेन, एवीएसएम, (सेवानिवृत्त), कार्यकारी निदेशक तथा कार्यकारी समिति के सदस्यों ने किया।

सीपीओ अनुराग उपाध्याय के नेतृत्व में औपचारिक त्रि-सेवा गार्ड और बगलर्स ने सैन्य सटीकता के साथ प्रक्रिया को अंजाम दिया। मुख्य अतिथि की पत्नी, नौसेना कल्याण और आरोग्य संघ (NWWA) की उपाध्यक्ष श्रीमती लैला स्वामीनाथन ने शहीदों के परिवारों से बातचीत की और उन्हें उपहार सौंपे। सीपीओ रोशन थापा के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के बैंड ने सुंदर और प्रेरक मार्शल धुनें बजाई। श्रीमती सुनीति और कर्नल संजय खरबंदा (सेवानिवृत्त) ने संचालन किया। मीडिया से बात करते हुए, PRO और मीडिया निदेशक कमांडर नरिंदर महाजन ने बताया कि वार्षिक दिवस समारोह फरवरी 2025 में मनाया जाएगा और स्मारक 2025 की स्मारिका का विमोचन सेना प्रमुख द्वारा किया जाएगा।

# तीसरी राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का हुआ रंगारंग शुभारंभ




**नोएडा (चेतना मंच)।** तीसरी राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का रंगारंग शुभारम्भ आज ताल कटोरा स्टेडियम में नेशनल कराटे फेडरेशन और फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PEFI) द्वारा किया गया।

इस उद्घाटन समारोह में कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। डॉ. राकेश मिश्रा, अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्रा सेवा न्यास, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ सेंसेई एयाल नीर, विश्व चैंपियन (2019), ITKF ग्लोबल, डॉ. पीयूष जैन, राष्ट्रीय सचिव, (PEFI) और मनोज मिश्रा, अध्यक्ष, नेशनल कराटे फेडरेशन ने उद्घाटन की शोभा बढ़ाई। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 20 राज्यों से आए 1000 से अधिक कराटे खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राकेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं है, यह जीवन जीने की एक कला है। यह शारीरिक और मानसिक विकास का एक सशक्त माध्यम है। आज यह जापानी मार्शल आर्ट के रूप में जाना जाता है, लेकिन इसकी जड़ें भारत की प्राचीन मार्शल आर्ट 'कलारीपयट्टू' में हैं। हमें कराटे और अन्य मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा देना चाहिए। खिलाड़ियों को अपनी पूरी मेहनत और लगन से प्रदर्शन करना चाहिए और परिणाम की चिंता नहीं करनी चाहिए।

सेंसेई एयाल नीर ने भारतीय खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि मैं भारत में कराटे के विकास को देखकर अभिभूत हूं। यहां खिलाड़ियों में अनुशासन और जुनून की अद्भुत झलक है। नेशनल कराटे फेडरेशन और PEFI ने जो प्रयास किए हैं, वे सराहनीय हैं। कराटे का भविष्य भारत में उज्ज्वल है, और मैं यहां बार-बार आना चाहूंगा।

डॉ. पीयूष जैन, राष्ट्रीय सचिव, PEFI, ने कहा, कि PEFI का मुख्य उद्देश्य खेल और शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर पेफी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरदेव सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी दिनेश गौड़, पुनीत आर्य, डॉ. रमनदीप कौर, योगेश कुमार, पंकज कुमार, अमित चौहान, नरेश तोमर, बब्बू मान सहित बड़ी संख्या में कराटे प्रेमी मोजूद रहे।

# इंद्रधनुष-3 चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागी सम्मानित



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा लोकमंच द्वारा छात्र-छात्राओं को चित्रकला के प्रदर्शन का अवसर देने के लिए इंद्रधनुष-3 चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गौतमबुद्धनगर के 76 स्कूलों ने भाग लिया। यह आयोजन शिवालिक पार्क सेक्टर-33 में किया गया। शिवालिक पार्क में 76 स्कूलों से आए हुए लगभग 1700 बच्चे आयु वर्ग की श्रेणी में दिए गए विषयों पर अपनी कल्पना शक्ति से चित्र बनाते दिखाई दिए।

इस प्रतियोगिता में को सफल बनाने के लिए रोटरी क्लब दिल्ली ओखला द्वारा सहायता दी गई, इसके अतिरिक्त इंफोसिस कंपनी, बिसलेरी वाटर कंपनी द्वारा सभी के लिए पीने के पानी तथा प्रवेक कल्प कंपनी द्वारा भी सहायता की गई।

प्रतियोगी बच्चों और आयोजकों के उत्साहवर्धन के लिए ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौम्य श्रीवास्तव, श्रीमती श्रीवास्तव, आनंद मोहन, निदेशक उद्यान नोएडा प्राधिकरण, प्रभात कुमार, अध्यक्ष नोएडा लोकमंच,पूर्व राज्य पाल झारखंड, योगेंद्र नारायण पूर्व सचिव राज्यसभा एवं चांसलर गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीमती वंदना त्रिपाठी अपर मुख्य कार्यपालिका अधिकारी नोएडा प्राधिकरण, देवदत्त शर्मा सेवानिवृत आईएएस अधिकारी, एन.पी. सिंह पूर्व जिलाधिकारी, सेवानिवृत आईएएस अधिकारी, जे.पी. शर्मा सेवानिवृत आईएएस अधिकारी तथा पूर्व वाइस चांसलर गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी, नोएडा लोकमंच के महासचिव महेश सक्सेना, आरएन श्रीवास्तव, मुकुल बाजपेई, विभा बंसल, इंद्रा चौधरी, राजेश्वरी त्यागराजन, डॉ निमेष कुमार तथा अनेक स्वयंसेवक कार्यकर्ता, विनोद शर्मा वरिष्ठ पत्रकार, त्रिलोक शर्मा, गंगेश्वर दत्त शर्मा, श्रीमती रितु सिंह अध्यक्षा, दीदी की रसोई ट्रस्ट तथा अनेक लोग उपस्थित हुए।


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, ओमेगा-1, (पी-2), ग्रेटर नौएडा,
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक: वाई.ई.ए./भूलेख/तह0/67/2024 दिनांक: 18.12.2024

### सार्वजनिक सूचना

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है:-

| क्र. सं. | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (सैक्टर-18, ग्राम उस्मानपुर के अन्तर्गत) | | | | | | |
| 1. | 238 | 100<br>115 | 0.4410<br>0.9060 | में से | 0.0551<br>0.1132 | श्री हरीश चन्द पुत्र भरत सिंह नि0 मिल्क धनौरी जि0 गौतमबुद्धनगर |
| (ग्राम-भुन्नातगा सै0 33 के अन्तर्गत) | | | | | | |
| 2 | 122 | 389<br>392<br>394 | 0.1370<br>0.0250<br>0.0510 | में से | 0.0457<br>0.0083<br>0.0170 | रनवीर व अतिवीर पुत्रगण रतनलाल नि0 घरबरा |
| 3 | 19<br>20 | 15<br>378 | 2.8140<br>1.7690 | में से | 0.1125<br>0.0707 | कृष्णावती पत्नी रमेशचन्द नि0 नवादा तह0 सदर |
| 4 | 198 | 383<br>445 | 0.3540<br>0.0890 | में से | 0.0295<br>0.0074 | आनन्द पुत्र दुर्गपाल नि0 ग्राम |
| 5 | 87 | 477 | 0.7600 | में से | 0.1425 | सतीशचन्द, हरीश कुमार, प्रवीन कुमार पुत्रगण रामगोपाल व रामवती पत्नी रामगोपाल |
| (सैक्टर-21, ग्राम रबूपुरा, फिल्म सिटी, चंक-01 के अन्तर्गत) | | | | | | |
| 6 | 717 | 748 | 1.6220 | में से | 0.0843 | राजकुमारी पत्नी जयचन्द नि0 मौहम्मदाबाद खेडा हाल नि0 फरीदाबाद |
| (सैक्टर-21, ग्राम रबूपुरा, फिल्म सिटी, चंक-02 के अन्तर्गत) | | | | | | |
| 7 | 407 | 841 | 1.2787 | में से | 0.0843 | मनीक्षी ठाकुर पत्नी सोभित राज |
| (सैक्टर-21, ग्राम रबूपुरा, फिल्म सिटी, चंक-03 के अन्तर्गत) | | | | | | |
| 8 | 1054 | 991 | 0.4930 | में से | 0.0801 | रूकसाना पत्नी चमन नि0 ग्राम रबूपुरा |
| (ग्राम रबूपुरा, सैक्टर-28, मेडिकल डिवाईस पार्क, डाटा सेन्टर पार्क, कॉमर्शियल व फ्यूचर यूज के अन्तर्गत) | | | | | | |
| 9 | 578 | 889 | 0.3300 | में से | 0.0825 | अमितराज उर्फ अमीराज व दिव्यराज व अनीता शर्मा पुत्र व पत्नी राजकुमार नि0 भाईपुर ब्रहमनान |
| 10 | 578 | 889 | 0.3300 | में से | 0.0825 | मुकेश पुत्र हरीदत्त नि0 भाईपुर ब्रहमनान |
| 11 | 578 | 889 | 0.3300 | में से | 0.1650 | दीपक शर्मा व चन्द्रकान्त शर्मा व उमा शर्मा पुत्र व पत्नी भूप्रकाश नि0 भाईपुर ब्रहमनान |
| 12 | 596 | 905 | 0.8080 | में से | 0.1346 | गंगासरन पुत्र सांवलिया नि0 भाईपुर ब्रहमनान |
| 13 | 631<br>631 | 1108<br>1091 | 1.7740<br>1.0700 | में से | 0.1971<br>0.1190 | दारा पुत्र मुकीम नि0 रबूपुरा |
| 14 | 631 | 1108 | 1.7740 | में से | 0.0631 | हारून पुत्र मुकीम नि0 रबूपुरा |
| 15 | 631<br>631 | 1108<br>1091 | 1.7740<br>1.0700 | में से | 0.1971<br>0.1189 | शकी पुत्र मुकीम नि0 रबूपुरा |
| 16 | 549<br>549<br>705<br>706<br>549<br>549<br>549<br>705<br>1045 | 1290<br>1331<br>1360<br>1370<br>1347<br>1350/3<br>1351<br>1354/1<br>1332 | 0.3790<br>0.5310<br>1.0280<br>2.1120<br>0.3040<br>0.1260<br>0.1140<br>0.0250<br>2.2250 | में से | 0.0047<br>0.0066<br>0.0514<br>0.1056<br>0.0038<br>0.0016<br>0.0014<br>0.0013<br>0.0640 | रघुनन्दन पुत्र अमीचन्द नि0 ग्राम रबूपुरा |

- प्रस्तावित भूमि प्राधिकरण के नियोजित सै0 यथा 18, 21, 28 व 33 के अन्तर्गत होने के कारण क्रय हेतु प्रस्तावित है।
- उक्त भूमि को क्रय करने हेतु तालिका में अंकित काश्तकारो द्वारा सहमति प्रदान की गयी है, जिसके क्रम में प्राधिकरण द्वारा उक्त भूमि आपसी सहमति के आधार पर क्रय की जानी प्रस्तावित है।
- प्रस्तावित भूमि को प्राधिकरण की 76वीं बोर्ड बैठक की मद संख्या 13 के अनुसार रूपये 2728.00/प्रति वर्ग मी0 की दर से सम्बन्धित भूस्वामी के पक्ष में भुगतान किया जाएगा व 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड आवंटित किया जाएगा।

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अंदर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय/सी0आर0 सैल में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**विशेष कार्याधिकारी**

महत्वपूर्ण सूचना: यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लॉन के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैद्य है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीदफरोख्त से पूर्णत: सचेत रहें तथा कॉलोनाइज़र के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।